दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-253 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बिहार में अपनी सरकार बनाने सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी ढपली पर अपना-अपना राग अलापना शुरू कर दिया है। चुनावी घोषणापत्र जारी कर लोकलुभावन वादों का पिटारा खोल दिया गया है। कोई किसानों की आय दोगुनी करने का तो कोई 10 लाख नौकरी देने का तो कोई शराब नीति की समीक्षा करने का वादा कर रहा है। बिहार के बाशिंदे इनमें से किसके वादे पर कितना भरोसा करते हैं यह तो चुनाव परिणाम ही बताएंगे। बाद में ये सारे घोषणा पत्र रद्दी की टोकरी की शोभा बढ़ाएंगे और लोग गाएंगे- झूठा है तेरा वादा.. वादा तेरा वादा...।

बढ़ती कीमतों को देख भूपेश सरकार ने उठाए ये एहतियाती कदम

प्याज के दाम से निकले गृहलक्ष्मी के आंसू

नवप्रदेश संवाददाता

■ बेलगाम कीमत के बाद कलेक्टरों को ताकीद कीमत पर रखें निगरानी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को उनके जिले में प्याज की उपलब्धता तथा खुदरा बाजार मूल्य की निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि राज्य स्तरीय प्राईस मॉनिटरिंग सेल में जिलों से आवश्यक वस्तुओं के बाजार भाव के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि विगत 01 माह में प्याज के खुदरा बाजार मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि परिलक्षित हो रही है।

सभी जिला कलेक्टर जिले में प्याज की उपलब्धता तथा खुदरा बाजार मूल्य की निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु सतत कार्यवाही सुनिश्चित करें। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्याज के थोक एवं खुदरा व्यापारियों की तत्काल बैठक लेकर जिले में प्याज की उपलब्धता एवं मांग का आंकलन कर आवश्यकता अनुसार प्याज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिला स्तर पर प्याज की दैनिक आवक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुनाफाखोरों, जमाखोरों पर होगी कार्रवाई

लॉकडाउन और संक्रमणकाल में आर्थिक व्यवस्था चरमराई है। ऐसे में लोगों के पास लिक्विड भी खत्म हो गया है। जमापूंजी सबसे ज्यादा दैनिक वस्तुओं पर ही खर्च हो रही है। दाम भी बेलगाम हैं। जिम्मेदार विभाग जमाखोरों और मुनाफाखोरों को अब टारगेट करेंगे। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को इसके लिए ताकीद किया है। पान मसाला, सब्जी और राशन के दाम बेमेल हैं।

रसोई का बजट बिगाड़ रही हैं ये सब्जियां

महज प्याज ही नहीं आलू, टमाटर, धनिया और अदरक का दाम भी मध्यम वर्गीय परिवार की रसोई का बजट बिगाड़ रहा है। हरी सब्जियां भी खुदरा में 45 से 60 रुपए प्रति किलो हैं। जबकि इस सीजन में हरी पत्तेदार सब्जी ही नहीं सिजनल वेजिटेबल्स की कीमत महज 20 से 35 रुपए प्रति किलो हो जाती थीं। चौंकाने वाली बात यह कि नवरात्रि में आलू के दाम औसतन बढ़ते हैं पर इस दफे प्याज का दाम 100 पार कर सकता है। अभी 70-80 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।

पूरा सप्ताह मसरूफ रहेंगे सूबे के सबसे खास दो सियासी चेहरे

सीएम और टीएस का मरवाही उपचुनाव में चलेगा जादू

नवप्रदेश संवाददाता

■ मुख्यमंत्री की 4 तो स्वास्थ्य मंत्री की 2 बड़ी सभाएं संभावित

■ सीएम 23 से 29 अक्टूबर तक सत्र, प्रचार, सभाओं में व्यस्त

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए ये सप्ताह सबसे थका देने वाला रहेगा। उनकी लोकप्रियता की वजह से मरवाही उपचुनाव से लेकर मध्य प्रदेश और बिहार के उपचुनाव में भी कई सभाएं तय है। पार्टी प्रत्याशी के प्रचार, सभाएं और उस पर आगामी 27, 28 अक्टूबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र भी है। इसी तरह सूबाई सियासत के दूसरे सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव। दोनों ही प्रदेश कांग्रेस के लिए करिश्माई शख्सियत इसलिए भी बन गए हैं क्योंकि इनकी जुगलबंदी से 15 साल की भाजपा की सत्ता को शिकस्त मिली है। अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पारंपरिक और छत्तीसगढ़िया हितों वाली नीतियों के फलस्वरूप मरवाही उपचुनाव की चुनौती खत्म करने पार्टी के रणनीतिकार चार सभाएं करवाने की योजना बना रहे हैं। जबकि स्वास्थ्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भूपेश दिल्ली, एमपी, बिहार भी जाएंगे

मरवाही में अंतिम रणनीति बनाने में जुटे कांग्रेस के रणनीतिकारों के अलावा सीएम भूपेश बघेल पार्टी को उपचुनाव में बढ़त दिलाने के लिए थका देने वाला प्रयास लगातार करते रहेंगे। उन्हें दिल्ली में अहम मुलाकात कर लौटते ही फिर मध्य प्रदेश के ग्वालियर व अन्य जिलों में पार्टी प्रत्याशी का प्रचार करना व सभा लेना होगा। फिर बिहार में नालंदा और अन्य दो जगहों में चुनाव प्रचार करने जाना है। संभवतया आज दिल्ली होकर लौटते ही वे सत्र के लिए व्यस्त होंगे। दो दिन के सत्र में संभवतया 28 नहीं तो 29 अक्टूबर को मरवाही में सीएम सभा लेंगे। रात रुकने पर फिलहाल फैसला नहीं हुआ है पर मरवाही में 4 सभाएं 2 या 3 दिन में संभावित है। ग्वालियर के सिहोनिया, पंडोखर, दतिया और बिहार के नालंदा, खगड़िया, बलदौर, भागलपुर में भी पार्टी प्रत्याशी का प्रचार करेंगे।

मरवाही में कांग्रेस की हो गई मोर्चेबंदी

मरवाही उप चुनाव में कांग्रेस ने पूरी ताक़त झोंक दी है। सेक्टरों में विभाजित कर मरवाही विधानसभा में ज़ोन और सेक्टर भी बनाए गए हैं, इन में सेक्टर के प्रभारी के रुप में विधायकों को तैनात कर दिया गया है। इन विधायकों के आने का क्रम जारी है। दशहरे के बाद इनमें और तेज़ी आएगी। गौरेला ब्लॉक में चार ज़ोन पेंड्रा में तीन ज़ोन और मरवाही में छ ज़ोन बनाए गए हैं। प्रत्येक ज़ोन में कई सेक्टर हैं, इनकी सेक्टरों की कुल संख्या 59 है। विधायकों की ड्यूटी इन्हीं ज़ोन में है। दशहरे के ठीक बाद मरवाही में सियासी तूफ़ान चरम पर होगा। सेंट्रल कंट्रोल रुम में मौजुद रणनीतिकार के द्वारा रोज सुबह शाम बैठकों का दौर जारी है।

डाक मतपत्र वितरण, डाक मतपत्र से मतदान व डाक मतपत्र संग्रहण का कार्य शुरू

छत्तीसगढ़ के मरवाही विधानसभा उपचुनाव के लिए गुरूवार से डाक मतपत्र वितरण, डाक मतपत्र से मतदान व डाक मतपत्र संग्रहण कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू कर दिया है। यह कार्य 24 अक्टूबर तक चलेगा। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास- खबर

दिल्ली-एनसीआर में 24 से 'जहरीली' हो जाएगी हवा

नई दिल्ली ए.। दिल्ली-एनसीआर के शहरो में रहने वाले लोगों के लिए बुरी खबर है। यहां आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण और विकराल रूप धारण कर सकता है। भारत मौसम विभाग के एडीजी आनंद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि 24 अक्टूबर और आगे आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर में पीएम10 और पीएम 2.5 दोनों का स्तर बढ़ेगा, जिससे वायु की गुणवत्ता खराब होगी। शर्मा ने कहा कि हवाओं के शांत रहने और स्थिर वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण प्रदूषक दूर नहीं हो रहे हैं, इसलिए वे हवा में बने रहते हैं।

महाराष्ट्र में बिजली गिरने से 25 लोग झुलसे

ठाणे (वार्ता)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में उम्बरमाली गांव के पलासपाड़ा में बुधवार को बिजली गिरने से कम से कम 25 ग्रामीण झुलस गये। ठाणे नगर निगम (आरडीएमसी) के प्रमुख संतोष कदम ने गुरुवार को बताया कि कल करीब सात बजे भारी बारिश के बाद एक आवासीय इलाके में बिजली गिरने से 25 लोग इसकी चपेट में आने से झुलस गये।

बीकानेर : 1.72 लाख साल पुरानी नदी का मिला प्रमाण

नई दिल्ली ए.। 1,72,000 साल पहले राजस्थान के बीकानेर के पास थार रेगिस्तान के बीचोंबीच से गुजरने वाली नदी का प्रमाण मिला है। अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि अब विलुप्त हो चुकी यह नदी उस वक्त इलाके के लोगों की जीवनरेखा होती होगी। जर्नल क्वाटर्नरी साइंस रिव्यूज में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि हजारों साल पहले यह नदी नाल कैरी में बहा करती थी।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 40558.49
निफ्टी- 11896.45
गोल्ड- 50890 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 62469 (1 कि ग्रा.)

कुलभूषण जाधव की मौत की सजा की होगी समीक्षा

इस्लामाबाद ए.। पाकिस्तान की संसदीय समिति ने सरकार के उस विधेयक को मंजूरी दे दी है जिसमें अंतरराष्ट्रीय अदालत के निर्देशों के अनुरूप भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को दी गई मौत की सजा की समीक्षा करने की मांग की गई है। मीडिया में गुरुवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (समीक्षा और पुनर्विचार) अध्यादेश शीर्षक से प्रस्तुत मसौदा विधेयक पर नेशनल असेंबली की विधि एवं न्याय से संबंधित स्थायी समिति ने विपक्ष के तीखे विरोध के बावजूद बुधवार को चर्चा की और इसे अपनी मंजूरी दी। समिति की बहस में हिस्सा लेते हुए पाकिस्तान की न्याय एवं विधि मंत्री फरोग नसीम ने कहा कि यह विधेयक अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के तहत लाया गया है।

सरकार ने वीजा पर रोक हटाई

टूरिस्ट को छोड़ सभी विदेशी नागरिकों को मिलेगी छूट

■ इलाज कराने आने वालों को मेडिकल वीजा के लिए करना होगा अप्लाई

नई दिल्ली ए.। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को कोरोना गाइडलाइंस में संसोधन करते हुए विदेश से आने वाले लोगों को आने की अनुमति दे दी है। सरकार ने 'इलेक्ट्रॉनिक, पर्यटन और चिकित्सा श्रेणियों को छोड़कर सभी मौजूदा वीजा तत्काल प्रभाव से बहाल करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने पर्यटक वीजा छोड़कर, सभी ओसीआई, पीआईओ कार्ड धारकों और अन्य विदेशी नागरिकों को किसी भी उद्देश्य से भारत आने की इजाजत दे दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, चिकित्सा उपचार के लिए भारत आने के इच्छुक विदेशी नागरिक मेडिकल वीज़ा के लिए मेडिकल अटेंडेंट सहित आवेदन कर सकते हैं।

गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर, सरकार ने फरवरी, 2020 से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की आवाजाही को रोकने के लिए कई कदम उठाए थे। सरकार ने अब भारत में प्रवेश करने या बाहर जाने के लिए इच्छुक विदेशी नागरिकों और भारतीय नागरिकों की अधिक श्रेणियों के लिए वीजा और यात्रा प्रतिबंधों में छूट देने का निर्णय लिया है।

पूर्व मंत्री माधव सिंह ध्रुव का निधन

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार में ट्रायबल मंत्री रहे पूर्व विधायक माधव सिंह ध्रुव का निधन हो गया है। माधव सिंह ध्रुव धमतरी के सिहावा के रहने वाले थे। कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। 21 अक्टूबर को उन्हें गंभीर हालत में धमतरी से रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल लाया गया था। यहां पर उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में वेंटिलेटर पर रखा गया था। आज सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पूर्व मंत्री माधव सिंह पुकार के निधन पर कांग्रेस पार्टी दुःख जताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

सीएम भूपेश ने जताया शोक

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री माधव सिंह ध्रुव के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उनका आज सुबह निधन हो गया। श्री माधव सिंह ध्रुव अविभाजित मध्यप्रदेश और बाद में छत्तीसगढ़ में भी मंत्री रहे। मुख्यमंत्री बघेल ने माधव सिंह ध्रुव के परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

भरोसे पर आधारित होता है बीमा अनुबंध : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अहम फैसले में कहा है कि इंश्योरेंस के लिए कॉन्ट्रैक्ट बेहद भरोसे पर आधारित होता है और बीमा लेने के इच्छुक शख्स यानी प्रस्तावक जब इंश्योरेंस (लाइफ इंश्योरेंस) पॉलिसी लेने के लिए जाता (प्रस्ताव देता) है तो उसकी ड्यूटी है कि वह तमाम तथ्यों का खुलासा करे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस साल मार्च के नैशनल कंज्यूमर फोरम के फैसले को खारिज कर दिया जिसमें नैशनल कंज्यूमर फोरम ने इंश्योरेंस कंपनी की अर्जी खारिज कर दी थी। दरअसल जिला उपभोक्ता अदालत ने डेथ क्लेम देने का आदेश पारित किया था जिसके खिलाफ इंश्योरेंस कंपनी ने राज्य उपभोक्ता अदालत में अर्जी लगाई लेकिन वहां से अर्जी खारिज होने के बाद नैशनल कंज्यूमर फोरम और फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

टैंक रोधी मिसाइल नाग के सभी परीक्षण पूरे

नई दिल्ली (वार्ता)। तीसरी पीढ़ी के टैंकरोधी निर्देशित प्रक्षेपास्त्र नाग का गुरुवार को पोखरण परीक्षण रेंज पर प्रयोक्ता द्वारा अंतिम परीक्षण किया गया जो पूरी तरह सफल रहा। प्रक्षेपास्त्र वास्तविक मुखास्त्र से लैस था और परीक्षण के लिए निर्धारित दूरी पर एक टैंक को लक्ष्य के तौर पर रखा गया था। प्रक्षेपास्त्र को नाग प्रक्षेपण वाहन एनएएमआईसीए द्वारा दागा गया। प्रक्षेपास्त्र ने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाते हुए उसे सफलतापूर्वक भेद दिया।नाग को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा अत्यधिक सुदृढ़ बनाया गया है और यह दिन तथा रात दोनों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ आईएनएस कवरत्ती

नई दिल्ली ए.। थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में देश में बनी चार पनडुब्बी रोधी युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) में से आखिरी आईएनएस कावरत्ती को शामिल किया।

अरुणाचल, नेपाल और पाकिस्तान तक आ सकते हैं 8 से ज्यादा भूकंप : स्टडी

नई दिल्ली ए.। पूरे हिमालय क्षेत्र में आने वाले वक्त में एक के बाद एक कई भीषण भूकंप आ सकते हैं जिनकी तीव्रता 8 या उससे भी ज्यादा होगी। चूंकि यह पूरा क्षेत्र बहुत ही सघन आबादी वाला है इसलिए इतनी ज्यादा तीव्रता के भूकंप से इतनी जिंदगियां जा सकती हैं जितनी पहले कभी भी किसी भूकंप में नहीं गई हैं। यह चेतावनी एक हालिया स्टडी में की गई है। स्टडी में जिओलॉजिकल, हिस्टोरिकल और जियोफीजिकल डेटा की समीक्षा कर भविष्यवाणी की गई है। स्टडी में एक्सपर्ट्स ने बताया है कि इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी अगर ये भीषण भूकंप हमारे जीवनकाल में ही आ जाए। स्टडी में बताया गया है कि भविष्य में हिमालय क्षेत्र में आने आने भूकंप की सीक्वेंस वैसी ही हो सकती है जैसी 20वीं सदी में एलेयूटियन जोन में थी।

त्यौहारों में कोविड प्रोटोकॉल का रखें ध्यान : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्यौहारों के दौरान उत्साह तथा उल्लास के बीच कोविड महामारी से संबंधित प्रोटोकॉल का ध्यान रखने की अपील की है। श्री मोदी ने पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा कोलकाता में लगाये गये पंडाल का अनावरण करते हुए कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए मास्क पहनने , सामाजिक दूरी बनाये रखने और अन्य एहतियाती उपायों का त्यौहारों की खुशियां मनाते समय विशेष ध्यान रखे जाने की जरूरत है जिससे कि कोरोना के संक्रमण पर अंकुश लगाया जा सके। यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री ने दुर्गा पूजा के दौरान बंगाली समुदाय के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर देश के सामाजिक तथा आर्थिक विकास में बंगाल के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, बंगाल ने आजादी के समय से ही महत्वपूर्ण योगदान दिया है और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी इसका अथाह योगदान रहा है।

बंदोबस्त वैक्सीन आने से पहले वैक्सीनेशन की तैयारी में जुटी सरकार

टीकाकरण के लिए 50 हजार करोड़ का फंड : रिपोर्ट

नई दिल्ली ए.। भले ही कोरोना वैक्सीन अभी तक नहीं आई हो, लेकिन सरकार अभी से वैक्सीनेशन की तैयारी में जुट गई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने पूरे देश में वैक्सीनेशन के लिए करीब 50 हजार करोड़ का फंड अलग रख दिया है। पीएम मोदी ऐडमिनिस्ट्रेशन का मानना है कि एक शख्स को वैक्सीन का खर्च करीब 6-7 डॉलर आएगा। ऐसे में 130 करोड़ लोगों के लिए वैक्सीनेशन प्रोग्राम बहुत महंगा होने वाला है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह फंड चालू वित्त वर्ष (2020-21) के लिए प्रोविजन कर दिया गया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि वैक्सीनेशन के प्रोग्राम के लिए फंड की कमी नहीं होगी। हालांकि इसको लेकर अभी तक फाइनेंस मिनिस्ट्री की तरफ से कोई आधिकारिक बयान या फिर इस खबर को लेकर कोई कमेंट नहीं किया गया है।

सक्रिय मामले घटकर हुए 7.15 लाख

नई दिल्ली (वार्ता)। *देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों में लगातार कमी हो रही है और अब इसकी संख्या घटकर 7.15 लाख पर आ गई है तथा संक्रमण का आंकड़ा लगातार बढ़ते हुए 77 लाख को पार कर गया है। देश में स्वस्थ होने वाले कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने से सक्रिय मामलों में कमी देखी जा रही है। अब तक 1,16,616 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है।*

डॉ. रेड्डी कंपनी पर साइबर अटैक, काम रोका

नई दिल्ली ए.। *भारत में रूसी कोरोना वायरस की वैक्सीन स्पूतनिक- 5 का ट्रायल कर रही दिग्गज फार्मा कंपनी डॉ. रेड्डी ने दुनियाभर के अपने सभी डेटा केंद्रों की सेवाओं को बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि कंपनी पर साइबर अटैक हुआ है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने साइबर हमले की पहचान किये जाने के बाद बचाव के कदम उठाने के लिये ऐसा किया है। कंपनी के सीआईओ मुकेश राठी ने कहा, 'हम 24 घंटे के भीतर सभी सेवाओं के शुरू हो जाने का अनुमान कर रहे हैं। हमें इस घटना के कारण हमारे परिचालन पर कोई उल्लेखनीय असर होने की आशंका नहीं है।'*

बिहार चुनाव : फ्री वैक्सीन का वादा बना भाजपा के गले की फांस, विपक्ष ने घेरा

नई दिल्ली ए.। बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग में महज कुछ दिन ही शेष हैं। इस वजह से चुनावी मैदान में उतर रहीं सभी पार्टियां एक-एक कर चुनावी घोषणापत्र जारी कर रही हैं। बीजेपी ने गुरुवार को बिहार के लिए जारी किए घोषणापत्र में एक ऐसा वादा कर दिया है, जिसपर घमासान शुरू हो गया। कांग्रेस, आरजेडी से लेकर विभिन्न दल बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं। यह चुनावी वादा कोरोना वैक्सीन को लेकर है। बीजेपी ने वादा किया है कि यदि बिहार में एनडीए की सरकार बनती है तो वह राज्य की जनता को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन उपलब्ध कराएगी। बीजेपी का वादा करने के तुरंत बाद ही विवाद शुरू हो गया।

राहुल गांधी का तंज

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के लोगों को कोरोना वायरस की वैक्सीन मुफ्त उपलब्ध कराने के बीजेपी के चुनावी वादे को लेकर तंज कसते हुए कहा कि भारत सरकार ने कोविड के टीके तक पहुंच की रणनीति की घोषणा कर दी है और अब लोग इसे हासिल करने की जानकारी के लिए राज्यवार चुनाव कार्यक्रमों पर गौर कर सकते हैं। उन्होंने ट्वीट किया भारत सरकार ने कोरोना वायरस के टीके तक लोगों की पहुंच से जुड़ी अपनी रणनीति की घोषणा कर दी है। कृपया यह जानने के लिए राज्यवार चुनाव कार्यक्रमों का सहारा लें कि यह आपको दूसरे फर्जी वादों के पिटारे के साथ कब मिलेगा।

न्यूज गैलरी

उपस्थिति पंजी का किया अवलोकन

भिलाई। निगम के विभिन्न विभाग के अधिकारियो, कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किया जाना होता है परंतु इसका पालन किया जा रहा है या नहीं ऐसे कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए आज अचानक सभी विभागों के उपस्थिति पंजी को मंगाकर पंजी का अवलोकन आयुक्त द्वारा स्वयं किया गया।

गोबर खरीदी केन्द्रों का जायजा

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत गोधन न्याय योजना के तहत चार गोबर खरीदी केंद्र वर्तमान में संचालित है। गोबर खरीदी केंद्रों में अब तक 716 पशुपालक अपना पंजीयन गोबर बेचने के लिए करा चुके हैं। गोबर खरीदी केंद्रों का जायजा निगमायुक्त स्वयं ले रहे हैं और दिए गए निर्देशों का गोबर खरीदी केंद्रो में पहुंचकर फीडबैक भी जोन के अधिकारियों से प्राप्त कर रहे हैं। आयुक्त रघुवंशी ने आज जोन 1, जोन 2 एवं जोन 4 स्थित गोबर खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया, उन्होंने वर्मी कंपोस्ट के सभी टंकियों को पूर्ण रूप से भरने के निर्देश दिए और वर्मी कंपोस्ट बनने के बाद टंकियों में गोबर भरने की प्रक्रिया दोहराते हुए निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। केंचुआ पालन की स्थिति का जायजा लिया।

सेल इस्पाती इरादे के साथ नई ऊंचाइयां छूने को तैयार : अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की आज आयोजित 48वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान सेल अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने कंपनी के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश के हर कॉर्पोरेट की तरह कोविड-19 की महामारी ने सेल को भी प्रभावित किया है। उन्होंने आगे कहा कि सेल ने अपने सभी संयंत्रों, इकाइयों और नगरियों में कोविड-19 की महामारी से बचाव और सुरक्षा के लिए बिना किसी देरी के बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। कंपनी एक तरफ कोविड-19 महामारी का मुक़ाबला कर रही थी तो दूसरी तरफ बाज़ार की मांग के अनुरूप उत्पादन सुनिश्चित करने में लगी रही। इसके साथ ही इस समय का उपयोग मरम्मत कार्यों के लिए भी किया गया, जो आने वाले समय के लिए निर्धारित थी। चौधरी ने कहा कि, वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी ने अपनी लाभप्रदता को जारी रखा। चुनौतीपूर्ण बाज़ार स्थितियों के चलते, कंपनी की कुल विक्रय प्राप्ति में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत की गिरावट देखने कि मिली है। कंपनी के सही दिशा में किए गए प्रयासों और उठाए गए कदमों के चलते वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ईबीआईटीडीए 9 प्रतिशत बढ़कर रुपया 11,199 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 18-19 के दौरान रुपया 10,283 करोड़ था। हालांकि कंपनी उच्च मूल्यह्रास और वित्त लागत के चलते वित्त वर्ष 2019 -20 के दौरान स्टैंडअलोन आधार पर कर पश्चात लाभ घटकर रुपया 2022 करोड़ रह गया, जो वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान रुपया 2178 करोड़ था। समेकित आधार पर, वित्त वर्ष 2019 -20 के दौरान कर पश्चात लाभ रुपया 2121 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान रुपया 2348 करोड़ था। कंपनी के बेहतर वित्तीय प्रदर्शन में प्रचालन के मोर्चे पर सुधार ने बड़ी भूमिका निभाई है, जिसमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं 161.55 लाख टन का उत्पादन के साथ देश का सबसे बड़ा क्रूड स्टील का उत्पादक, अब तक का सर्वाधिक 150.83 लाख टन विक्रेय इस्पात उत्पादन के साथ-साथ अब तक का सर्वाधिक 142.31 लाख टन विक्रेय, रेल ने पहली बार 10 लाख टन उत्पादन का आंकड़ा पार किया है। पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक का सर्वाधिक 12.85 लाख टन रेल का उत्पादन किया है। कंपनी 324.1 लाख टन के कुल खनन के साथ इस्पात उत्पादन के लिए ज़रूरी (इनपुट) खनिजों की सबसे अधिक खनन करने वाली कंपनी बनी, एक बड़ी छलांग लगाते हुए, सेल ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में 54 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ अब तक का सर्वाधिक 11.8 लाख टन निर्यात किया है।

सेल ने भारत के रक्षा, रेलवे, मेट्रो, इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्पेस, पावर, मैन्युफैक्चरिंग, सिंचाई इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक क्षेत्रों में योगदान के जरिये भारत की आर्थिक और औद्योगिक प्रगति और विकास के साथ खुद को गर्व से जोड़ा है।

कीड़ों से पूरा शहर त्रस्त : भाजपा पार्षद दल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भाजपा पार्षद दल के नेता अजय वर्मा ने कहा है कि इस समय शहर के बोरसी, पदमनाभपुर, शिक्षक नगर, अग्रसेन चौक सहित शहर के कई क्षेत्रों में खासकर गुलमोहर प्रजाति के पेड़ों में हजारों की संख्या में कीड़ों का प्रकोप हो गया है। यह कीड़े अपनी लार से बनाए गए धागे के सहारे पेड़ों में झूलते रहते हैं। जो सामान्य दृष्टि से दिखाई नहीं पड़ते। जिसके कारण दोपहिया वाहनों में चलने वाले या पैदल चलने वाले नागरिकों के शरीर में लिपट जाते हैं। जिससे खुजली होती है और शरीर में चकते भी पड़ जाते हैं। इस बात की जानकारी नेता प्रतिपक्ष वर्मा एवं भाजपा पार्षद दल ने महापौर एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दी। महापौर ने इसकी जानकारी कृषि विभाग को दी एवं यह कहते हुए कि यह मौसमी कीड़ा है अपने आप खत्म हो जाएगा कहकर इस वीभत्स समस्या से पल्ला झाड़ लिया। उन्होने स्थानीय कृषकों से संपर्क कर उनसे सलाह लेकर खेतों में छिड़काव करने वाला स्पेयर से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया। जिससे बोरसी रोड के पेड़ों में कीट व्याधि बहुत कम हो गई है। पार्षद दल के गायत्री साहू, मनीष साहू, पुष्पा गुलाब वर्मा, हेमा जगदीश शर्मा, अजय वैद्य, नरेश तेजवानी, कांशीराम कोसरे, राकेश सेन ने कृषकों से स्पेयर लेकर बोरसी, पदमनाभपुर में छिड़काव किया तथा स्वास्थ्य अधिकारी को आक्रोश जताते हुए दिखाया कि कीड़े मर रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारी के इस आश्वासन के बाद कि कल से शहर के विभिन्ना क्षेत्रों में छिड़काव किया जाएगा तब भाजपा पार्षद शांत हुए। महापौर से कहा कि अधिकारियों के बातों में आकर प्राकृतिक आपदा बताकर अपनी जिम्मेदारी से ना भागे।

सुरक्षा किट का उपयोग करें : धीरज

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आज पांच वार्डो में जाकर वार्ड पार्षदों के साथ 130 सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ सुरक्षा किट प्रदान किया गया। महापौर द्वारा अपने निधि से निगम कर्मचारियों को फेस शिल्ड, मास्क, साबून, सेनेटाईजर, गिलोय काढ़ा आदि सुरक्षा किट प्रदान किया है। आज कसारीडीह, आदर्शनगर, पद्मनाभपुर, गुरुघासीदास, केलाबाड़ी, सुराना कालेज वार्ड के सफाई कर्मचारियों को उनके वार्डो में जाकर उन्हें सुरक्षा किट देकर कहा कि आप सभी सुरक्षा किट का उपयोग कर अपना कार्य करें। उन्होनें कहा कोरोना का संकट अभी टला नहीं हैं इसलिए सावधानी रखना आवश्यक है। शहर की गंदगी की सफाई कर हमें सुरक्षित रखते हैं तो आपकी सुरक्षा की चिंता करना हमारा दायित्व हैं अपने आप को सुरक्षित रहकर कार्य करना हैं इसलिए यह सुरक्षा किट दी जा रही है। वितरण के दौरान वित्त प्रभारी दीपक साहू, स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, कमला शर्मा, एल्डरमेन अजय गुप्ता, राजेश शर्मा, कुलेश्वर साहू, स्वास्यि अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सुमित वोरा व अधिक संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चोवाराम वर्मा आ. स्व. तिजउराम वर्मा साकिन रिसाली सेक्टर भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1039/28 रकबा 1500 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता ऋषिकेश कुमार सिंह आ. श्री फुरेन्द्रपाल सिंह से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.10.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202008100400428

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती शैल साहू जौ. धनुषधारी साहू निवासी 2 ए सड़क 53 सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 351/8 रकबा 0.057 हें/ 6100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202008100400531

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गंगाबाई जौ. जीतराम साहू निवासी शक्तिनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 218/2 रकबा 0.010 हें/ 1050 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202008100400412

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बी.आर. ठाकुर आ. छबिलाल ठाकुर निवासी उमरपोटी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 818/10 रकबा 0.0200 हें/ 1750 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202008100400552

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अनिल कुमार साहू आ. जे.डी. साहू निवासी 103/बी सड़क 14 दल्लीराजहरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 360/6 रकबा 0.015 हें/ 1600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी- 202010100700105

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील मसीह पिता स्व. एच.डब्ल्यू.के मसीह निवासी ग्राम सुभाष नगर कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 711/210 रकबा कुल 0.030 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारानामा दिनांक 21.07.2020 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-21/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल मारकंडे आ. बउदा मारकंडे जाति सतनामी साकिन बोड़ेगांव द्वारा ग्राम बोड़ेगांव प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 717 रकबा 0.92 हे. को अस्वस्थ रहने के कारण अत्यधिक कर्ज हो गया है की भरपाई के लिए तपन कुमार दास आ. स्व. अमूल्य दास साकिन हाउसिंग बोर्ड भिलाई के पास विक्रय करने की अनुमति दिए जाने के संबंध में कलेक्टर महोद्‍य को प्रेषित आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति दिए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.07.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक निलेश सिंग राजपूत पिता उमेश सिंग राजपूत निवासी दुर्गा चौक के पास डोगीतराई जिला बेमेतरा मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 43/67 रकबा 0.0160 हे. उमेश सिंह के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु की मृत्यु दिनांक 28.11.2015 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.11.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202010100700154

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामरतन देवांगन पिता स्व. मेहत्तर निवासी ग्राम विजयनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1267/59 रकबा 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मेहत्तर आ. धनऊ देवांगन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री लेखराम साहू आ. स्व. नरोत्तम साहू साकिन अरसनारा द्वारा ग्राम अरसनारा प.ह.न. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 563, 566, 701, 840, 877 रकबा कुल 1.41 हे. जो उसके स्व. चतुर सिंह के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202010100700174

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद इरफान गहलोत पिता स्व. मोहम्मद अनवर गहलोत निवासी ग्राम तकियापारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1041/64 रकबा 0.019 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अनवर हुसैन आ. सिराजुद्दीन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202010100700068

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इस्माईल रजा खान पिता स्व. अब्दुल मजीद खान निवासी ग्राम तकियापारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1043/23 रकबा 0.004 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जाहेदा बेगम पति अब्दुल मजीद खान की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती साधु पद्मावती	202010100400662

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती साधु पद्मावती पति श्री साधुराम कोटेश्वर राव निवासी क्वा.नं. 13 ए सड़क 26 सेक्टर-10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जुनवानी प.ह.न. 15 तह.व जिला दुर्ग	306/46	0.030 हें 3000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरणलाल देवांगन पिता श्याम लाल देवांगन निवासी विजय नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 319/1 का टु. रकबा 800 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार समयलाल पिता स्व. तुलसी से दिनांक 16.10.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.11.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000067

विषयः अ-74 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019(हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- धर्मा राव चौधरी
अनावेदक पक्षकार-

हल्का पटवारी ग्राम कोहका विषय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

आवेदक धर्मा राव चौधरी पिता भूरा राम चौधरी पता रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 19/1 रकबा 0.05 हे. भूमि आवेदक धर्मा राव चौधरी पिता भूरा राम चौधरी पता रिसाली भिलाई के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्टीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में आप जांच कर जांच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 10.11.2020 के पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पद्मुद्रा से आज दिनांक 14.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती प्रिया प्रजापति	202010100400489

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती प्रिया प्रजापति पति श्री आकाश प्रजापति निवासी शांति नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग	74/95	0.010 हें 1250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रुपसिंग सिन्हा पिता श्री लतेल सिन्हा जाति कलार निवासी बाजार चौक रसमड़ा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रुपसिंग सिन्हा लिखा गया है जो सही नाम है। किन्तु मेरे नाम से बैक ऑफ बड़ौदा शाखा रसमड़ा तह. व जिला दुर्ग में संचालित खाता 43420100000916 में मेरा घरेलू नाम रामु सिन्हा लिखा गया है रामु सिन्हा से मुझे बचपन से पुकारा जाता है परंतु मेरा वास्तविक व सही नाम रुपसिंग सिन्हा ही है। रामू सिन्हा व रुपसिंग सिन्हा ये नाम मुझ ही शपथकर्ता का नाम है एक ही व्यक्ति हूं। घरेलू नाम रामु सिन्हा है व वास्तविक सही नाम रुपसिंग सिन्हा है, ये भिन्न नाम मुझ ही शपथकर्ता का ही नाम है एक ही व्यक्ति हूं के परिप्रेक्ष्य में यह शपथपत्र माननीय सक्षम अधिकारी महोद्‍य के समक्ष प्रस्तुत करता हूं। रामू सिन्हा व रुपसिंग सिन्हा ये भिन्न नाम को मुझ शपथकर्ता के नाम जाना जावे उक्त खाता में 43420100000916 में रामू सिन्हा लिखा गया जिसे मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर रुपसिंग सिन्हा दुरुस्त किया जावे। उक्त मेरे नाम को परिवर्तन करने के पश्चात किसी भी प्रकार से रामू सिन्हा व रुपसिंग सिन्हा नाम को लेकर किसी भी प्रकार से वाद विवाद उत्पन्न होगी तो उन सभी की जवाबदारी व देनदारी मुझ शपथकर्ता का होगा शपथ करता हूं।

अतः यह शपथपत्र मेरे बैंक ऑफ बडौदा शाखा रसमड़ा में संचालित खाता 43420100000916 में घरेलू नाम रामू सिन्हा लिखा गया है जिसे मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के आधार पर सही नाम रुपसिंग सिन्हा परिवर्तन किए जाने के लिए यह शपथपत्र महोद्‍य के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

दिनांक 22.10.2019

शपथकर्ता
रुपसिंग सिन्हा

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-27/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लक्ष्मी चौहान आ./पति बी.एल. चौहान निवासी हनोदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम .. तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक.. में दर्ज भूमि खसरा नंबर 635/10 रकबा 0.024 हें भूमि जो कि.. के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर.. सामान हिस्सो में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलशन वैष्णव पिता चिन्तामणी वैष्णव निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 560/21 रकबा 0.033 हे. भगवती वैष्णव के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु की मृत्यु दिनांक 31.10.2019 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.11.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000112

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 (1577/46(0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- प्रकाश रुप विर्क
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश रुप विर्क पिता स्व. कमलजीत सिंह विर्क पता- कुरुद भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1577/46 रकबा 0.020 हे. है जो उसके पिता कमलजीत सिंह विर्क आ. सरुप सिंह विर्क के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी कमलजीत सिंह विर्क आ. सरुप सिंह विर्क की मृत्यु दिनांक 28.01.2020 को हो जाने के कारण एवं पिता स्व. श्री मो. इलियास की मृत्यु दिनांक 04.06.2006 को हो जाने के कारण उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.10.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000109

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 (34/1(1.3600 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- पंकज
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज पिता लखिचंद्र पंडित पता-केम्प 01 भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न.19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 34/1 रकबा 0.01 हे./ 1125 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता के माध्यम से विक्रेता श्री कृष्ण कुमार पिता सुकलाल से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.10.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000108

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 (34/1(1.3600 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- श्रीमती गुलेफतिमा
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गुलेफतिमा पिता वसिम खान पता- कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न.19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 34/1 रकबा 0.01 हे./ 1125 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता के माध्यम से विक्रेता श्री कृष्ण कुमार पिता सुकलाल से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.10.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000104

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 (34/1(1.3600 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- श्रीमती कुंती देवी
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुंती देवी पति श्री उपेन्द्र पंडित पता बिहार द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न.19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 34/1 रकबा 0.01 हे./ 1125 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता के माध्यम से विक्रेता श्री कृष्ण कुमार पिता सुकलाल से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.10.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रीना नैय्यर आ. दीनानाथ नैय्यर साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 154/12 रकबा 0.010 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता सुमित्रा सरकार आ. कमल सरकार से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 07.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

गुल्लू शराब लूटकांड में पांच आरोपी शामिल, तीन पुलिस हिरासत में

रायपुर। राजधानी रायपुर के आरंग में कुछ महीनों पूर्व हुई गुल्लू शराबभट्टी लूटकांड में अब पुलिस को कड़ी मशक्कत के बाद सफलता मिल गयी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में लिया है। कुल 5 आरोपियो ने इस लूटकांड की घटना को अंजाम देकर 9 लाख रुपए लेकर फरार हुए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब भी 2 आरोपी फरार है व 1 आरोपी ने खुदकुशी कर ली है। गैंग का मास्टर माइंड विजय मनहरे है जिसने उक्त लूट की साजिश रची थी। पुलिस आज देर शाम उक्त मामले को लेकर बड़ा खुलासा करेगी। उपरोक्त मामले में पुलिस अधीक्षक रायपुर अजय यादव ने पूर्व में फरार आरोपियों के खिलाफ 10 हज़ार रुपये नगद इनाम की घोषणा की थी।

सट्टा-पट्टी व 26 हजार के साथ 6 गिरफ्तार

रायपुर। शहर के अलग-अलग थाना इलाके में पुलिस ने सट्टा-पट्टी के साथ 06 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नगदी 26 हजार रूपये से अधिक रूपये भी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों में मोनू मिश्रा पिता राजू 20 वर्ष और मोहअजीज पिता मोह कयूम अंसारी 50 वर्ष को बुधवार रात करीब 7.30 बजे सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन के पास गिरफ्तार कर उनके पास से 5060 रूपये व सट्टा-पट्टी बरामद किया गया, वहीं दूसरे मामले में आरोपी विकास साहू पिता हीरालाल 32 वर्ष एवं अन्य 3 लोगों को भी बुधवार की दोपहर में उत्कल नगर सिविल लाईन से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 21 हजार 120 रूपये नगदी व सट्टा-पट्टी जब्त किया गया।

भाई को बचाने का प्रयास कर रहे युवक पर हमला

रायपुर। शहर के सिविल लाईन थाना क्षेत्र के पंडरी इलाके में अपने छोटे भाई को बचाने का प्रयास कर रहे एक लड़के पर कुछ लड़कों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। घायल लड़का लक्ष्मण क्षत्री पिता विकास 17 वर्ष का निवासी पानी टंकी शंकर का छोटा भाई अमित के साथ बुधवार रात करीब 8.45 बजे जगन्नाथ नगर के कुछ लड़कों के साथ मुनगा भाजी तोड़ने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान आरोपी लड़कों द्वारा अमित पर पटिया से हमला कर रहे थे, जिसे बचाने का प्रयास कर रहे लक्ष्मण पर आरोपियों ने किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में

सीएस मंडल और एसीएस सुब्रत साहू ने देखा बूढ़ा तालाब कायाकल्प योजना

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मुख्य सचिव आर. पी. मंडल एवं अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू ने आज नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे बूढ़ा तालाब विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में इस कार्य को पूरा कर ऐसा स्वरूप दें कि यह ऐतिहासिक धरोहर सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर एक रमणीक केन्द्र के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाएं। इस दौरान नगर निगम आयुक्त व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एम.डी. श्री सौरभ कुमार ने इस महत्वपूर्ण कार्य योजना के विभिन्न चरणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य सचिव ने तालाब के कायाकल्प की योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली एवं परिक्षेत्र का भ्रमण कर अपने सुझाव भी दिए। नगर निगम आयुक्त श्री सौरभ कुमार ने बूढ़ा तालाब उन्नयन कार्य के संबंध में उन्हें अवगत कराया कि रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं नगर पालिक निगम मिलकर रायपुर के ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब के कायाकल्प की योजना के प्रथम चरण के कार्यों को अंतिम रूप दे रहा है। बूढ़ा तालाब में क्षेत्रफल के अनुसार देश के सबसे बड़े फाउंटेन की स्थापना की जा रही है, जो विशेष आकर्षण होगी। तालाब के किनारे भ्रमण के लिए फ्लोटिंग डेक लगाए जा रहे हैं, जहां पैदल भ्रमण कर तालाब के स्वरूप का नैसर्गिक आनंद लिया जा सकेगा। यहां बन रहे दो स्तरीय पाथवे से तालाब का भव्य स्वरूप देखा जा सकेगा। इस परिसर में विशाल प्रवेश द्वार, म्यूजिकल फाउंटेन और टनल फाउंटेन इस तालाब की खूबसूरती को बढ़ाएंगे। आकर्षक लैंडस्कैपिंग, लेजर शो, रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाते तालाब के दीवारों पर हो रही पेंटिंग से तालाब का स्वरूप और भी निखरेगा। उन्होंने बताया कि तालाब पर बोटिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। निरीक्षण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री एस.के. सुंदरानी, मैनेजर सिविल श्री एस.पी. साहू, नगर निगम के सहायक यंत्री श्री लोकेश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने की सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

निर्देश- आमजनों तक पहुंचे योजना का सुनिश्चित लाभ

रायपुर। मुख्य सचिव आरपी. मण्डल ने कहा है कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप फ्लैगशिप योजनाओं का भरपूर लाभ आमजन को मिले। श्री मण्डल ने आज यहां चिप्स कार्यालय में राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपरोक्त दिशा-निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में डी.के.एस पोस्ट ग्रेजुएट एण्ड रिसर्च सेंटर की गतिविधियों, छात्रों को जाति प्रमाण पत्र वितरण, अंग्रेजी माध्यम स्कूलों, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, पौनी-पसारी योजना, मेक इन छत्तीसगढ़ को बढ़ावा देने, राशन कार्डों की नवीनीकरण एवं वितरण और शहरी गौठानों और एथेनॉल बनाने की परियोजना के संबंध में अधिकारियों से व्यापक विचार-विमर्श किया। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू और श्रीमती रेणू जी पिल्ले भी मौजूद थी। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों और वहां पर चिकित्सा शिक्षार्थी, प्राध्यपकों के रिक्त पदों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने डी.के.एस के विभिन्न डिपार्टमेंटों में न्यूरोसर्जन, सर्जरी, नेप्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी सहित अन्य डिपार्टमेंटों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। डी.के.एस. में बेड व्यवस्था एवं बीपीएल परिवारों तथा अन्य मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सालय में और व्यवस्थित चिकित्सा व्यवस्था, विभिन्न पदों को अपग्रेड करने के आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के संबंध में की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं एवं योजना के शुभारंभ के लिए की जा रही कार्यवाही की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने शहरी स्लम बस्तियों के लोगों के इलाज के लिए बनाए जा रहे इन मोहल्ला क्लीनिकों में पर्याप्त दवाएं, चिकित्सों की व्यवस्था और विभिन्न प्राथमिक जांच की सुविधाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों का दिए।

पूर्व मंत्री माधवसिंग ध्रुव को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। संयुक्त मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार में पूर्व मंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता माधवसिंग ध्रुव के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने श्रद्धांजलि दी। श्री मरकाम ने कहा कि स्व. माधव सिंह ध्रुव ने लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी संगठन और सरकार में विभिन्न पदों पर रहकर जनसेवा की। स्व. माधव सिंह ध्रुव का निधन कांग्रेस परिवार की अपूरणीय क्षति है। भगवान से यह भी प्रार्थना है कि शोक संतप्त ध्रुव परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता माधवसिंग ध्रुव के निधन पर कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री प्रशासन रवि घोष, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, राजेंद्र तिवारी सदस्य संचार विभाग, रमेश वर्ल्यानी सदस्य, आर पी सिंह सदस्य, सुरेंद्र शर्मा सदस्य, सुशील आनंद शुक्ला सदस्य, किरणमयी नायक सदस्य, विभोर सिंह सदस्य, रउफ कुरैशी सदस्य, विकास दुबे सदस्य, संदीप साहू सदस्य, नितिन भंसाली सदस्य, अमित श्रीवास्तव सदस्य, अमित यदु सदस्य, क्रांति बंजारे सदस्य, नीना रावतिया सदस्य, अधिवक्ता मोहन निषाद सदस्य ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता माधवसिंग ध्रुव के निधन पर प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, धनंजय सिंह ठाकुर, मोहम्मद असलम, एडवोकेट सुरेंद्र वर्मा, एम ए इकबाल, वंदना राजपूत, आलोक दुबे जगदलपुर, अभय नारायण राय बिलासपुर, जनार्दन त्रिपाठी सरगुजा, कमलजीत पिंटू राजनांदगांव, कृष्णकुमार मरकाम धमतरी, स्वपनिल मिश्रा, प्रकाशमणि वैष्णव, अशुंल मिश्रा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

गृहमंत्री शाह को रमन सिंह ने दी जन्मदिवस की बधाई

रायपुर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जन्मदिवस पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने ट्वीट कर शुभकामनाएं दी है। डा. सिंह ने कहा कि श्री शाह ने 370, तीन तलाक जैसे मुद्दों का निराकरण कर देशहित में बड़े फैसले किये हैं। भाजपा को पूरे देश में मजबूती देने में आपका योगदान अतुलनीय है। ईश्वर से आपके स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना करता हूं।

मां का अलौकिक रूप...

रायपुर। आदर्श नवदुर्गा युवा महिला समिति छत्तीसगढ़ कॉलेज के पीछे बैरन बाजार में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा के दर्शन हो रहे हैं। मां की प्रतिमा में तीन स्वरूप दर्शाता है। वे राधा रानी की घागरा-चोली तो शीश पर स्वर्ण मुकूट के स्थान पर नटवर नागर बांके बिहारी श्री कृष्ण जो पगड़ी पहनते हैं वो धारण की हुईं परिलक्षित होती हैं। हाथों में बांसुरी लिए मां दुर्गा चांद में भी सवार हैं। प्रतिमा बनाने वाले कलाकार ने मां दुर्गा के सौम्य चेहरे के साथ हाथों में कोई भी अस्त्र-शस्त्र नहीं रखा है। लेकिन राधा-कृष्ण और मां दुर्गा के एक साथ तीन दर्शन कराती मूर्ति सिंह में सवार है। समिति सदस्य अभिषेक देवदास एवं सोमेश देवदास ने बताया कि इस बार बिना किसी बाहरी आर्थिक सहयोग के मां की स्थापना की गई है। हालाकि कोरोना कोविड-19 में दुर्गा स्थापना के लिए काफी लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। परंतु हर वर्ष की परंपरा इस बार भी अनवरत रही। बता दें कि सबसे पहले छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में मां की विशालकाय प्रतिमा समिति ने ही स्थापित करवाई थी।

मरवाही उपचुनाव: नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने ली सभाएं

कहा, देश के सामने केवल दो समस्या, कोरोना और कांग्रेस

नंदकुमार साय भी प्रचार का सम्हाला मोर्चा

रायपुर/मरवाही (नव प्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा है कि देश में वर्तमान समय में केवल दो समस्याएँ हैं- एक कांग्रेस और दूसरी कोरोना है। हमें इन दोनों को ही परास्त करने की जरूरत है। कोरोना जीवन के लिये हानिकारक है तो कांग्रेस देश के लिये हानिकारक है। श्री कौशिक ने मरवाही विधानसभा उपचुनाव के मद्देनज़र गुरुवार को अंडी, नेवसा, चुत्कीपानी में चुनावी सभा को संबोधित किया। नेता प्रतिपक्ष श्री कौशिक ने कहा कि विकास विरोधी कांग्रेस के लोग केवल साड़ी और लबारी के सहारे भ्रम फैलाकर मरवाही में विजय का सपना देख रहे हैं। जनता पूरी तरह के भाजपा के साथ है। इन सबसे परेशान कांग्रेस केवल सत्ता का गलत इस्तेमाल कर भय फैला रही है। श्री कौशिक ने कहा कि हमारे आस-पास कुछ सामान देकर मतदाताओं को प्रभावित करने वाले आ रहे हैं। उनसे एक ही सवाल किया जाना चाहिये कि हमारी उस आवास योजना का क्या हुआ, जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की है। जो हमारा हक़ मार रहे हैं, उन्हें ज़वाब देने का समय आ गया है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता,पदाधिकारी व आमजन मौजूद थे।

कांग्रेस केवल दुराग्रह के सहारे ही मरवाही चुनाव जीतना चाहती है-नंदकुमार

इसी सिलसिले में भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकुमार साय ने मड़वाही और निमधा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में छल और बल का कोई स्थान नहीं होता है। कांग्रेस केवल दुराग्रह के सहारे ही मरवाही चुनाव जीतना चाहती है। लगातार कांग्रेस का जनधार कमजोर होता जा रहा है, इसलिये ही कांग्रेस अपनी तयशुदा हार को लेकर परेशान है। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस के आलानेता अपने दिल्ली दरबार को खुश करने के लिये करने में लगे है। यह चुनाव मरवाही के भाग्य को तय करने वाला होगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी व आमजन मौजूद थे।

आईटीएस अंशुमान गुप्ता ने ग्रहण किया एम्स के उप-निदेशक का पदभार

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में आईटीएस अंशुमान गुप्ता ने उप-निदेशक (प्रशासन) का पदभार ग्रहण कर लिया है।

श्री गुप्ता इससे पूर्व एम्स ऋषिकेश के उप-निदेशक (प्रशासन) के पद पर चार वर्ष से कार्यरत थे। 1995 बैच के आईटीएस अधिकारी श्री गुप्ता इससे पूर्व दूरसंचार विभाग में विभिन्न वरिष्ठ पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें प्रशासन के विभिन्न मुद्दों और चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का 23 वर्ष का विस्तृत अनुभव है। उन्होंने आईआईटी-रूड़की से बी.टेक. और आईआईएम-अहमदाबाद से एमबीए किया है। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर सहित सभी विभागाध्यक्षों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और आशा प्रकट की है कि एम्स उनके लंबे अनुभव से निश्चित ही लाभान्वित होगा।

हिदायत एम्स के विशेष स्तन कैंसर क्लिनिक में ऑपरेशन से प्लास्टिक सर्जरी तक जरूरी सुविधाएं

स्तन कैंसर के रोगी निरंतर बढ़ रहे, समय रहते चेकअप जरूर करवाएं

2015 से अब तक 2700 महिला रोगी सफलतापूर्वक उपचार करवा चुकी

जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं ने साझा किए स्वयं के अनुभव, एम्स को धन्यवाद दिया

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के सर्जरी विभाग के तत्वावधान में ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को स्तन कैंसर के बारे में जागरूक बनाया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना था कि स्तन में पाई जाने वाली 90 प्रतिशत गांठ कैंसर नहीं होती हैं। अतः महिलाओं को बिना किसी भय के अपनी स्तन गांठ की तुरंत जांच करवानी चाहिए। एम्स में इसके लिए विशेष क्लिनिक आयोजित किया जाता है जिसमें बहुत कम खर्चे में ऑपरेशन से लेकर रेडियोथैरेपी और प्लास्टिक सर्जरी तक की व्यवस्था की जाती है।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि प्रदेश के अंदर निरंतर ब्रेस्ट कैंसर के रोगी बढ़ रहे हैं। यदि समय रहते इसका उपचार करवा लिया जाए तो महिलाओं के स्वास्थ्य को अधिक खतरा नहीं रहता है। इसके लिए एम्स में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी इसका निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर एम्स में स्तन कैंसर का इलाज करवा चुकी रायपुर की एक 70 वर्षीय दृष्टिहीन महिला ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उन्होंने एम्स में स्तन कैंसर का इलाज करवाकर काफी राहत प्राप्त की है। इसमें उनका कोई खर्च नहीं हुआ और ऑपरेशन से लेकर प्लास्टिक सर्जरी तक सभी एम्स में आसानी के साथ संभव हो पाया। रायपुर की एक अन्य 35 वर्षीय महिला का कहना था कि महिलाओं को स्तन की गांठ का चेकअप कराने में झिझकना नहीं चाहिए। इससे कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। इस महिला ने समय रहते अपना इलाज करवाया था और अब पूरी तरह से स्वस्थ है। इसी प्रकार की एक अन्य महिला उड़ीसा से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी और अपने अनुभव साझा किए।

विशेष स्तन कैंसर क्लिनिक के प्रभारी डॉ. राधाकृष्ण रामचंदानी का कहना था कि शहरों में स्तन कैंसर काफी अधिक मिल रहा है। यहां युवतियों की देर से शादी और फिगर बिगड़ने के डर से बच्चे को दूध न पिलाने की वजह से इस प्रकार के केस काफी अधिक मिल रहे हैं। एम्स में वर्ष 2015 में स्पेशल क्लिनिक शुरू होने के बाद से अब तक 2700 महिलाओं को उपचार प्रदान किया जा चुका है। यदि समय पर गांठ की जांच करवा ली जाए जो इलाज संभव है। उन्होंने इस प्रकार के स्पेशल क्लिनिक प्रदेश के अन्य शहरों में भी आयोजित करने का आश्वासन दिया। सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. दिब्याज्योति मोहंती का कहना था कि एम्स में इसके लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। रोगी इसके लिए प्रत्येक बुधवार को दोपहर दो बजे स्पेशल क्लिनिक में संपर्क

मतदाता जागरूकता के लिए मिलेगा राष्ट्रीय मीडिया सम्मान

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग मतदाता शिक्षा तथा जागरूकता के क्षेत्र में मीडिया संस्थानों को राष्ट्रीय मीडिया सम्मान- 2020 से सम्मानित करेगा। वर्ष 2020 के लिए आयोग ने मीडिया संस्थानों से 20 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में बताया गया है कि मीडिया संस्थान चार अलग-अलग वर्गों में आवेदन कर सकते हैं. इसके तहत आम लोगों में मतदाता शिक्षा और जागरूकता तथा मतदान के महत्व और प्रासंगिकता को समझाने के लिए उनके संस्थान द्वारा किए गए प्रयासों तथा अभियानों का स्पष्ट तौर पर उल्लेख करते हुए नियत प्रारूप में आवेदन भेज सकते हैं। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों तथा अनुशंसाओं को आयोग द्वरा गठित निर्णायक मण्डल के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सम्मान 4 वर्गों में दिए जाएंगे।

किसान आंदोलन की वजह से पंजाब से आने वाली दो प्रमुख ट्रेनें रहेंगी निरस्त

■ मेरठ से अमृतसर के बीच पूजा स्पेशल ट्रेनें प्रभावित

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। किसान आन्दोलन के फलस्वरूप आज 22 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक (मंगलवार , बुधवार एवं शुक्रवार) कोरबा छूटने वाली 08237 कोरबा-अमृतसर त्रि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन मेरठ सिटी रेल्वे स्टेशन में ही समाप्त होकर यह गाड़ी मेरठ सिटी रेल्वे स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना होगी एवं 22 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक (गुरुवार, शुक्रवार एवं रविवार) अमृतसर से छूटने वाली 08238 अमृतसर-बिलासपुर त्रि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन अमृतसर के स्थान पर मेरठ सिटी रेल्वे स्टेशन से ही रवाना होगी अर्थात यह गाड़ी मेरठ सिटी-अमृतसर- मेरठ सिटी के बीच रद्द रहेगी ।

28 अक्टूबर से 04 नवम्बर तक दुर्ग से छूटने वाली एवं 30 अक्टूबर को अंबाला से छूटने वाली पूजा स्पेशल ट्रेन अंबाला एवं जम्मूतवी के बीच रद्द रहेगी । किसान आन्दोलन के फलस्वरूप ये यात्री गाड़ी भी 28 अक्टूबर एवं 04 नवम्बर को दुर्ग से छूटने वाली 08215 दुर्ग-जम्मूतवी साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन में ही समाप्त होकर यह गाड़ी अंबाला रेल्वे स्टेशन से दुर्ग के लिए रवाना होगी। दिनाँक 30 अक्टूबर को जम्मूतवी के स्थान पर अंबाला से छूटेगी 08216 अंबाला-दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन अंबाला रेल्वे स्टेशन में ही समाप्त होकर यह गाड़ी अंबाला स्टेशन से ही दुर्ग के लिए रवाना होगी अर्थात यह गाड़ी जम्मूतवी-अंबाला के मध्य रद्द रहेगी ।

संपादकीय

प्रदुषण रोकने कड़े कदम जरूरी

देश में लगातार बढ़ते प्रदुषण पर नियंत्रण पाने के लिए कड़े कदम उठाना निहायत जरूरी है। केन्द्र सरकार ने औद्योगिक ईकाइयों द्वारा फैलाए जाने वाले प्रदुषण पर रोक लगाने के लिए सभी औद्योगिक ईकाइयों में प्रदुषण नियंत्रण यंत्र लगाना अनिवार्य कर दिया है। यह एक स्वागत योग्य कदम है किन्तु सिर्फ औद्योगिक प्रदुषण पर रोक लगाने से ही बात नहीं बनेगी, देश में करोड़ों की संख्या में दुपहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन है जिनसे निकलने वाला जहरिला धुआं भी प्रदुषण को खतरनाक स्तर पर ले जा रहा है। पेट्रोल और डीजल वाहनों के बदले इलेक्ट्रानिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएनजी गैस से भी बसों का संचालन हो रहा है लेकिन इसकी संख्या अत्यंत सिमित है अभी भी अधिकांश वाहन पेट्रोल और डीजल से ही चल रहे है। इन वाहनों की समय समय पर जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए और काला धुआं उगलने वाले खटारा वाहनों की जब्त किया जाना चाहिए। देश की राजधानी नई दिल्ली एक बार फिर गैस चैम्बर के रूप में तब्दील हो रही है। ठंड का मौसम अभी शुरू भी नहीं हुआ है लेकिन अभी से वहां प्रदुषण खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है स्थिति यह है कि नई दिल्ली और एनसीआर में लोगों का सांस लेना भी दुभर हो गया है। दिल्ली सरकार इसकी वजह हरियाणा और पंजाब के किसानों द्वारा पलारी जालाएं जाने की जिम्मेदार बता रही है। नई दिल्ली की तरह ही देश के अन्य महानगरों और शहरों में भी कमोवेश यही स्थिति बन रही है। बढ़ते प्रदुषण के कारण लोग स्वास्थ्य संबंधि रोगों का शिकार हो रहे है इस लिए यह आवश्यक है कि केन्द्र सरकार प्रदुषण नियंत्रण के लिए कड़े कानून बनाएं। देशभर में जो प्रदुषण नियंत्रण केन्द्र स्थापित किए गए है उन्हे सक्रीय किया जाएं तभी बढ़ते प्रदुषण पर रोक लग पाएगा। इसके साथ की ध्वनी प्रदुषण पर भी रोक लगाने की सख्त जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में जो दिशा निर्देश जारी किए है उसका पालन कराने में केन्द्र और राज्य सरकारें विफल रही है। सुप्रीम कोर्ट का सपष्ट आदेश है कि रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी तरह के ध्वनी विस्तारक यंत्रों का उपयोग न किया जाएं लेकिन आधी रात तक लाउड स्पीकर और डीजे पर कान फोडू गाने बजते रहते है। तेज आवाज में ध्वनी विस्तारक यंत्रों का उपयोग भी प्रतिबंधित है लेकिन इसकी भी लोग धज्जियां उड़ाते है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का कठोरता पूर्वक पालन कराने के लिए पुलिस को विशेषाधिकार दिए जाने की आवश्यकता है।

विचार

कृषि कानूनों पर घमासान

कहा जा रहा है कि कांग्रेस नेतृत्व वाली अन्य राज्य सरकारें भी आने वाले दिनों में ऐसे ही कदम उठा सकती हैं। मतलब यह कि केंद्र सरकार और किसानों के बीच का यह मुद्दा अब केंद्र और विपक्षी राज्य सरकारों के बीच के विवाद जैसी शक्ल लेता जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा हाल में लाए गए कृषि से संबंधित तीन नए कानूनों को लेकर किसानों का विरोध अभी थमा नहीं है। इस बीच पंजाब विधानसभा ने एक विशेष अधिवेशन में मंगलवार को न केवल इन तीनों कानूनों को नामंजूर घोषित किया बल्कि तीन नए विधेयक पारित कर पंजाब को इनके असर से मुक्त रखने की कोशिश भी की। राज्य सरकार का कहना है कि इन विधेयकों के जरिए उसने प्रदेश के किसानों को पंजाब एग्रिकल्चर प्रोड्यूस मार्केट्स एक्ट 1961 के तहत पहले से मिली वह सुरक्षा बरकरार रखने का प्रयास किया है जो केंद्र के नए कानूनों से खत्म हो जाने वाली है।

ये विधेयक किसानों को मंडियों से बाहर भी अपनी उपज बेचने की छूट देते हैं, लेकिन इनके मुताबिक, न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर की गई कोई भी खरीद वैध नहीं होगी और ऐसा करने वालों को तीन साल कैद और जुर्माने की सजा हो सकती है। आवश्यक वस्तुओं को खरीदने और संग्रह करने की सीमा हटाए जाने के प्रावधान की जगह नया बिल साफ कहता है कि इसकी सीमा राज्य सरकार निर्धारित करेगी। विधानसभा में पेश किए गए एक अन्य बिल में किसानों की ढाई एकड़ तक की जमीन को कुर्की-जब्ती से बचाने का प्रावधान है। हालांकि ये विधेयक अभी कानून नहीं बने हैं। चूंकि ये संसद द्वारा बनाए गए कानून से टकराते हैं इसलिए इन्हें राज्यपाल के अलावा राष्ट्रपति के पास भी मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मौजूदा हालात में इन्हें राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की संभावना कम है, फिर भी पंजाब विधानसभा का यह कदम काफी अहमियत रखता है।

कहा जा रहा है कि कांग्रेस नेतृत्व वाली अन्य राज्य सरकारें भी आने वाले दिनों में ऐसे ही कदम उठा सकती हैं। मतलब यह कि केंद्र सरकार और किसानों के बीच का यह मुद्दा अब केंद्र और विपक्षी राज्य सरकारों के बीच के विवाद जैसी शक्ल लेता जा रहा है। इस बहस में दोनों ही पक्ष खुद को किसानों का हितैषी बता रहे हैं लेकिन किसान अपनी चिंताओं का साझा दोनों से ही करने को तैयार नहीं हैं। केंद्र सरकार जहां बड़ी पूंजी को खेती की ओर आकर्षित कर उसे लाभदायक बनाते हुए किसानों की आमदनी बढ़ाने की बात कह रही है, वहीं विपक्षी राज्य सरकारें किसानों की सुरक्षा का वास्ता देते हुए इस पूरी प्रक्रिया को अटकाने की कोशिश में हैं। एक बात तो तय है कि केंद्र सरकार नए कृषि कानूनों के पीछे किसानों की भलाई की जो दलील देती रही है, उसको अबतक किसानों के लिए ग्राह्य नहीं बनाया जा सका है। इसका जितना भी हिस्सा किसानों तक पहुंच पाया है, वह किसानों के डर, उनकी चिंता और असुरक्षा को संबोधित करने में विफल रहा है।

त्योहारी सीजन में कोरोना के प्रति लापरवाही का माहौल

-डॉ. श्रीनाथ सहाय

> प्रधानमंत्री की चिंता और सावधानी बरतने की सलाह का ठोस आधार है। त्योहारों के मौसम से पहले बीते दिनों एक सर्वे में पता चला है कि करीब 36 प्रतिशत भारतीय बड़े पैमाने पर सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने की तैयारी में है। हालांकि अगर सर्वे के आंकड़े सही साबित हुए तो कोविड -19 के फैलने की आशंका बढ़ सकती है। लॉक डाउन का संताप देश झेल चुकाहै। बेशक देश के ज्यादातर हिस्से अनलॉक हो चुके हैं, लेकिन हालात अभी सामान्य नहीं हैं। त्योहारी सीजन में बाजारों में भारी भीड़भाड़ का वातावरण है। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे वातावरण में घूमने फिरने और सामाजिक समारोहों में शामिल होने के चलते एक साथ परिवार और समाज संक्रमण के दायरे में आ सकते हैं, लिहाजा अब भी सतर्कता और सावधानी अनिवार्य है। इस तरह आगाह करना और चिंता साझा करना भी प्रधानमंत्री का दायित्व है। इन सबके बीच वैज्ञानिकों की नेशनल सुपर मॉडल समिति ने दावा किया है कि फरवरी, 2021 में, भारत में, कोरोना वायरस समाप्त हो जाएगा। ह्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को त्योहारी सीजन में कोरोना वायरस से सावधान एवं सतर्क रहने का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री के संदेश पर अगर ध्यान दिया जाए तो कोरोना के प्रति लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। देशवासियों के लिए वर्ष का सबसे रोमांचक समय आने वाला है। त्योहारी सीजन के रूप में लोकप्रिय अक्टूबर-नवंबर में नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा और अंत में दीवाली जैसे त्योहारों आते हैं। कोविड -19 महामारी के कारण पिछले कई महीनों से अपने घरों की चारदीवारों तक सीमित रहने वाले लोग अब सकारात्मक भावनाओं के साथ अपने कदम बाहर रखने और सामाजिक तौर पर आयोजित कार्यक्रमों में घुलने मिलने का फैसला कर सकते हैं। कोरोनावायरस के कारण लंबे समय से भारतीय मेलजोल, विस्तारित परिवार से मिलने और भीड़ भरे स्थानों पर आने-जाने से बचते आ रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि आगामी त्योहारों के दौरान यह चेन टूटने की संभावना है। राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री का फोकस था कि कोरोना-काल में देश के लोगों को सचेत किया जाए।

'समाप्त' शब्द की जगह 'नगण्य' कह सकते हैं, क्योंकि वैज्ञानिकों ने अंग्रेजी भाषा में खुलासा किया है। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो बीते तीन सप्ताह से अधिक के अंतराल में संक्रमण के नए मामले और मौतें कम हुई हैं। कुछ राज्यों में एक भी मौत सामने नहीं आई है। हर रोज औसतन 20-22 हजार संक्रमित मामले कम मिल रहे हैं, लेकिन फरवरी तक देश में एक करोड़ 06 लाख संक्रमित मरीज होंगे। बेशक यह रुझान और आकलन सुखद है, लेकिन पहला विरोधाभास यह है कि इसी घोषणा के समानांतर महामारी से निपटने के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के प्रमुख एवं नीति आयोग के सदस्य डा. विनोद पॉल ने चेतावनी दी है कि सर्दियों की ठंड में कोरोना वायरस की दूसरी लहर आ सकती है, लिहाजा संक्रमण के मामले व्यापक स्तर पर बढ़ सकते हैं।

बहरहाल इसी दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्द्धन ने स्वीकार किया है कि कोरोना का सामुदायिक संक्रमण हुआ है, लेकिन कुछ जिलों और इलाकों तक ही सीमित रहा है। अब कोरोना वायरस का देशव्यापी फैलाव इतना बढ़ चुका है कि संक्रमण के स्रोत का पता लगाना असंभव-सा है। लिहाजा आसार ऐसे बने हुए हैं कि संक्रमण जारी है, लेकिन वह बाहरी लोगों के

> भारत में करीब 70 लाख कोविड के मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय ने फेस्टिव सीजन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं को जारी किया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 अक्टूबर को कोविड-19 के मद्देनजर उचित व्यवहार के लिए एक श्जन आंदोलनश् शुरू किया है। सरकार का कहना है कि वे अधिक मामले वाले जिलों में खास क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए एक्शन प्लान लागू करेगी। लेकिन लगातार जागरूकता के बावजूद बिहार की चुनावी जनसभाओं में या किसी विरोध-मार्च में सारे नियम कानूनों और चेतावनियों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोरोना की बंदिशें आम आदमी के संस्कारों और शिक्षा से जुड़ी हैं। यह चेतना और जागृति व्यक्ति के स्तर पर होती है, जबरदस्ती नहीं कराई जा सकती।

संपर्क से आ रहा है अथवा संक्रमित इलाकों में ही फैलाव हो रहा है, इसका कोई ठोस अध्ययन फिलहाल सामने नहीं है। वैज्ञानिकों की समिति का निष्कर्ष यह भी रहा है कि देश की 30 फीसदी से ज्यादा आबादी संक्रमित हो चुकी है, लेकिन अब 22 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में 20,000 से कम सक्रिय मरीज शेष हैं। यानी जो उपचाराधीन हैं। हालांकि महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल में यह संख्या 50,000 से अधिक है। मरीजों से ज्यादा संख्या हर रोज स्वस्थ होने वाले लोगों की है। ऐसे करीब 79 फीसदी लोग महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, उप्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, छत्तीगढ़ और ओडिशा राज्यों से हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश में महामारी से मरने वालों की दर दुनिया में सबसे कम है, स्वस्थ होने वालों की दर 88 फीसदी को लांघ चुकी है। समिति कोरोना की दूसरी या तीसरी लहर को लेकर अभी विश्वस्त नहीं है, क्योंकि शरीर की एंटीबॉडी कितने समय तक बरकरार रहती है, इसका कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं है। देश में कोरोना का खौफ पहले जैसा नहीं रहा है। जीवन के सभी पहलू और सभी गतिविधियां लगभग खोल दी गई हैं। जीवन सामान्य-सा दिखने लगा है। आर्थिक बढ़ोतरी की सूचनाएं भी आ रही हैं और सबसे अहं है कि संक्रमित मरीजों की रोजाना संख्या घट रही है। सर्दियों का प्रभाव और फिर फरवरी का निष्कर्ष देखना दिलचस्प होगा। बेशक कोरोना महामारी का विषाणु अब भी जिंदा और मौजूद है। किसी भी लापरवाही के अंजाम खतरनाक हो सकते हैं। मगर... हमें गाफिल नहीं होना है। यही चेतना, सतर्कता और जागरूकता बनाए रखनी होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन कह चुका है कि दुनिया के हर दस में से एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित हो चुका है। उस हिसाब से भारत की करीब 13 करोड़ आबादी इसकी चपेट में आ चुकी होगी। इसमें से ज्यादातर लोग एसिम्टोमैटिक (जिनमें लक्षण जाहिर नहीं होते हैं) होंगे। ये प्रसार के बड़े वाहक हो सकते हैं। पूरा देश खुल चुका है।

त्योहारों के दौरान लोग ज्यादा बाहर निकलते हैं, ज्यादा घुलते-मिलते हैं, खरीदारी करते हैं। करना हमें सब कुछ है, लेकिन सावधानी और सतर्कता के साथ। केरल और महाराष्ट्र सहित दक्षिण के अन्य राज्यों में हाल के त्योहारों के बाद नए मामलों में एकदम से बढ़ोतरी दिखी है। पश्चिमी देशों का अनुभव बताता है कि वहां चरम से मामले कम होने के बाद लोग बेफिक्र हो गए और उन देशों में अब यह महामारी फिर से पैर पसार रही है। हमें अब इस महामारी के किसी और दौर को आने ही नहीं देना है। विभिन्न कार्य-दायित्वों को पूरा करने में उन तमाम सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। इसी में सबकी भलाई है। प्रधानमंत्री का परामर्श सिर-माथे होना चाहिए कि कोरोना के इस दौर में मास्क पहनें, दो गज की दूरी रखें और बार-बार हाथ साबुन से धोएं। जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं। इसी सलाह में सबका भलाई छिपी है।

भ्रष्टाचार पर नकेल करती- प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली

मुनीष भाटिया

> प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण स्कीम द्वारा 4.54 करोड़ डुप्लिकेट, नकली / गैर-मौजूद, निष्क्रिय एलपीजी कनेक्शन समाप्त किया गया है । इसके अलावा, 1.03 करोड़ 'गिव इट अप' उपभोक्ताओं सहित 1.66 करोड़ गैर-सब्सिडी वाले एलपीजी उपभोक्ताओं की एलपीजी सब्सिडी भुगतान पर भी रोक लगी है । सरकार का दावा है कि मनरेगा के तहत इस संबंध में कुल 24162.09 करोड़ रुपये की बचत की गई है। इसी तरह डीबीटी पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार रूरल डेवलपमेंट और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता के नकली मृत या फिर दोहरी आधार कार्ड पर जो सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे उन 7.46 लाख लाभार्थियों को अंकुश कर सरकारी धन की बचत की है।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली सरकार की एक बड़ी सुधार पहल है ताकि शासन से लोगों को बेहतर और समय पर सरकारी लाभ वितरण सुनिश्चित किया जा सके। यह सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी भुगतान, ईंधन सब्सिडी, खाद्य अनाज और पेंशन लाभ पहुंचाने की एक सुधारात्मक व्यवस्था हैढ्ढ राष्ट्रीय समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार देश में प्रत्यक्ष हस्तांतरण लाभ परियोजना का आरम्भ योजना आयोग द्वारा जनवरी 2013 में किया गया । शुरुआती दौर में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के दायरे में जो योजनायें लाई गई, वे छात्रवृत्ति, महिला, बाल और श्रम कल्याण से संबंधित थीं। इसके अलावा स्न्न में इस योजना की शुरुआत 01 जून 2013 से की गयी ।



डीबीटी विज़न शासन की एक व्यवस्था सिद्ध हो रही है जो निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशल और विश्वसनीय तरीके से पात्र व्यक्तियों और परिवारों के अनुकूल सरकार और जनता के लिए एक सेतु का निर्माण करती है । सरकार द्वारा विभिन्न समाज कल्याण लाभकारी योजनाओं में सुधार की पहल और दोहराव पर अंकुश लगाना, लाभार्थी का सटीक लक्ष्यीकरण और भुगतान में देरी को कम करना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है, जिसके लिए लाभार्थियों का आधार लिंक बैंक खाता खोलना अनिवार्य रखा गया है ढ्ढ शासन द्वारा जन धन आधार मोबाइल (छ्वरू) त्रिशक्ति के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू करना उद्देश्य है। जन धन आधार, मोबाइल कैशलेस और समय पर सामाजिक सुरक्षा लाभों के हस्तांतरण के लिए इस प्रणाली को सक्षम बना रहा है। कोरोनाकाल के लाकडाउन काल में प्रत्यक्ष लाभ हस्तातरण प्रणाली द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी लाभ एवं विभिन्न पैकेज के अंतर्गत आबंटित राशी को घर बैठे लाभार्थी के सीधे खाते में ट्रान्सफर करने की अपनी शक्ति का एहसास करवा दिया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तातरण तीन प्रकार की श्रेणियों में रखा गया है जिसमे से व्यक्तिगत लाभार्थी को नगद हस्तांतरण की श्रेणी में उन योजनाओं के घटक को रखा गया हैं जिनमें नगद लाभ सरकार द्वारा व्यक्तिगत लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं। जैसे पहल (एल पी जी के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) , महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम , आदि। इसके अलावा प्रत्यक्ष लाभ हस्तातरण में सरकारी लाभ का ट्रान्सफर सरकार या उसके एजेंट द्वारा सार्वजनिक वितरण के लिए सामान खरीदने और लक्षित लाभार्थियों के लिए सेवाएं प्रदान करने के लिए किये गए व्यय द्वारा लाभ पहुंचाने की पद्धति को इस श्रेणी में रखा जाता है । इस श्रेणी के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों को मुफ्त में या रियायती दरों पर ये सामान या सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत, फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (स्नष्टढ्ढ) उचित मूल्य की दुकानों के लिए खाद्यान्न की खरीद इस श्रेणी में आती है । इसके अलावा एक अन्य जिसमें वेतन, सम्मान, प्रोत्साहन, आदि के रूप में सामुदायिक श्रमिकों और गैर सरकारी संगठनों, आदि के लिए किए गए ट्रान्सफर शामिल हैं, जो सरकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए सहायक हैं। इस तरह के सहायकों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षक, शहरी स्थानीय निकायों में स्वच्छता कर्मचारी आदि शामिल हैं।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली के जरिए भारत सरकार ने दिसम्बर 2019 तक कुल 170377 करोड़ रूपए की बचत की है जिसमे भी सबसे ज्यादा बचत, पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन स्कीम (पीडीएस) में की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2019 तक उसने अब तक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली के जरिए लाभार्थियों की पहचान कर जो कि या तो नकली थे या फिर दोहरा लाभ ले रहे थे, इन 2.98 राशन काड्र्स को खत्म कर पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) के जरिए तकरीबन 66896.87 करोड़ रुपये की बचत की है। केंद्र सरकार के दावों के मुताबिक, एलपीजी सब्सिडी भुगतान दुनिया का सबसे सबसे बड़ा कैश ट्रांसफर प्रोग्राम है। इसके तहत 65661 करोड़ रुपये बचाए गए ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अर्नब गोस्वामी जो

अर्नब गोस्वामी जो भी गलत/सही कर रहे उसपर फैसला सुनाने का अधिकार या तो देश की अदालतों का है या जनता की अदालत का। महाराष्ट्र विधानसभा में उन्हें समन किया जाना नेताओं की तानाशाही नहीं तो क्या है?ये मत भूलिए कि आप भी जनसेवक हैं,राजा नहीं। पीएम को नीच बुलानेवाले तक को कोई समन नहीं गया था। **- सचिन चौधरी**

जमीं पे चलने की

जमीं पे चलने की बात करो तो , वो आसमान ले जाते है नीति नियंता ऐसे नेता ही , लोगो को बहुत अब भाते हैं चर्चे महंगाई के अजब बहस, देशहित में ये अटक जाते हैं बेफिजूल के बजट खर्च कर, जाने कितने गटक जाते हैं गजब संवेदना भरी होती है , भीड़ में खुद को रुलाते हैं और जीत के सब कुछ भूलकर, किस्सों से खूब बहलाते हैं।

- संत आर थवाईत

खास पाती | झूंमती- झूंमती जा रही थी हवा

झूंमती- झूंमती ,जा रही थी हवा मैने पूछा हवा से मंजिलों का पता ? ! मुड़ के आँखो में देखा हवा ने कहा .. तेरा दुख जाए दिल तो न मेरी खता ! ऐ मुसाफिर तो जाना तुझे ही वहां , राह मुश्किल बड़ी मंजिलों की यहां , सारी लहरें कहां मंजिलों तक गयीं - कुछ ही लहरों को है साहिलों का पता मैने पूछा हवा से ... ठांन ले दिल में तू कुछ असंभव नहीं , जब चलीं वो दीवानी ..बरसने कहीं राह में कितने परवत खड़े हो गये रुक सकीं कब घनेरी सांवरी सी घटा मैने पूछा हवा से। **- अजय कुमार सिंह भदौरिया**

आकर मुझे तू थाम ले,बांहों में

आकर मुझे तू थाम ले,बांहों में इस कदर, तू ही बस नजर आए,मैं देखूं जिधर..... ! नैनों में सिर्फ तू ही बसा,इनमें तेरा अक्स है, जिसे टूटकर मैं चाहूँ,तू ही वो शख्स है.... ! तुझे देखते ही न जाने,क्यों लब मेरे सील गए, धड़कनो की है रफ्तार,इसमें मेरा बस न चले... ! तेरा-मेरा ऐसा मिलन,जैसे व्योम हो धरा के संग, हृदय की तड़पन मिटा दे,तू लगाकर मुझे अंग.... ! हाथों को यूं थामे रहना,जब तलक है साँस, तू दरिया का बहता पानी, मैं हूँ तेरी प्यास.... !! **- निशा रावल**

क्रोध वह हवा का झोंका है...... जो

क्रोध वह हवा का झोंका है...... जो बुध्दि के दीपक को बुझा देता है!! क्रोध जिस पर सवार हो जाता है...... फिर वो भला-बुरा नही सोच पाता है!! कुबुद्धि के वशीभूत होते ही...... खुद पर संयम ही नही रह जाता है!! कुबुध्दि की आग में जल कर.... फिर सब कुछ खा़क हो जाता है!! क्रोध सदा विनाश की उत्पत्ति करता है... मगर इंसान इसकी अनदेखी करता है!! **- मंजू श्रीवास्तव**

बेहतर हुआ कि मैं कुछ भूल

बेहतर हुआ कि मैं कुछ भूल गया ये भूलने की आदत मुझे ज़िंदा रखे है बेहतर हुआ कि मुझे कुछ याद भी है उन यादों के अफ़्साने मुझे ज़िंदा रक्खे है। कुछ ख्वाहिशों के अधूरे रहने की कसक मुझे ज़िंदा रखे है। कुछ ख्वाबो के पूरा होने की फरियाद मुझे ज़िंदा रखे है। मुझे ज़िंदा रखे है कुछ वादों के करार कुछ लम्हो को फिर से जीने की बेकरारी मुझे ज़िंदा रखे है। आसानी से ज़िंदा रहना आसान नही ये तो दुश्वारियां है जो ज़िंदा रखें है। **- कुलदीप वर्मा**

याद आते बहुत पर वो आते

याद आते बहुत पर वो आते नहीं प्यास नजरों की मेरी बुझाते नही रस्में उल्फत की हमने निभाई सभी वो हैं की एक वादा निभाते नहीं जिंदगी ने दिये जख्म गहरे बहुत ये नहीं है कि हम मुस्कुराते नहीं आइना सा दिवानों का होता है दिल पत्थरों के तो दिल चोट खाते नहीं हो मुहब्बत मुवारक मेरी आपको प्यार हम हर किसी पर लुटाते नहीं।**- लक्ष्मी माहोर**

इंसा जो है बड़ा ही ज्ञानी

इंसा जो है बड़ा ही ज्ञानी इसको नहीं पानी का मोल पंछी दर दर प्यासे फिरते दो बूँद भी पानी अनमोल करते क्यों हो व्यर्थ पानी इसके बिन खत्म कहानी एक-एक बूंद पानी बचा हो सफल तेरी जिंदगानी बिन पानी इंसा भी मरता ना होते पेड़-पौधे उपवन नहीं पशु पक्षी ही है बचता तबाह होता सबका जीवन।**- मनीषा सक्सेना**

अब भी मानते है कुछ लोग

अब भी मानते है कुछ लोग इस बात को कि पुजा में कुछ भूल चूक हो जाने पर ईश्वर देते है सजा करते है दंडित किसी न किसी तरीके से क्रोधित होकर पर मैं नहीं मानती इस बात को क्योंकि मैंने देखा है बच्चों की लम्बी उम्र और सलामती की दुआ करते वृद्धाआश्रम में बुढ़े माता पिता को हर रोज**- रूबी प्रसाद**

QUIZ TIME

1) बिलासपुर-चांपा-रायगढ़ को कौन-सी राष्ट्रीय राजमार्ग जोड़ती है? (एनएच-49 / एनएच-53)
2) कौन-सा औद्योगिक विकास केन्द्र छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे अधिक विस्तृत है?
3) छत्तीसगढ़ राज्य का एकमात्र कत्था संयंत्र कौन सा है?
4) छत्तीसगढ़ के किस जिले में बोरई औद्योगिक क्षेत्र है? (दुर्ग / रायगढ़ / कोरबा)
5) पत्रकार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और राजनेता का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) एनएच-49 (2) सिरगिट्टी (3) अम्बे वुड प्रोडक्ट्स, बोराई (4) दुर्ग (5) चंदूलाल चंद्राकर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1623 - प्रसिद्ध कवि तुलसीदास का निधन। 1707 - ग्रेट ब्रिटेन साम्राज्य की संसद को पहली बार लंदन में मिलाया गया। 1760 - उत्तर अमेरिका में यहूदी प्रार्थना की पहली किताब मुद्रित हुई। 1764 - मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ।1814 - विश्व की पहली प्लास्टिक सर्जरी इंग्लैंड में की गयी। 1910 - बी. एस. स्कॉट अमेरिका में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं। 1934 - महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता पद से इस्तीफा दिया।1941 - जर्मन सरकार ने यहूदियों के उत्प्रवास पर प्रतिबंध लगाया। 1943 - नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की 'झांसी की रानी ब्रिगेड़' की सिंगापुर में स्थापना की। 1946 - संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयार्क में पहली बार बैठक हुई। 1954 - पश्चिम जर्मनी नाटो सम्मलेन में शामिल हुआ। 1956 - सोवियत शासन के अंत की मांग करते हुए, हजारों लोग बुडापेस्ट, हंगरी में सड़कों पर उतरे। 1989 - हंगरी, सोवियत संघ से 33 वर्षों के बाद आजाद होकर गणराज्य बना। 1998 - जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण किया। 2001 - नासा के मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह की परिक्रमा शुरू की। 2002 - चेचन अलगाववादियों ने मॉस्को में लगभग 700 संरक्षक और कलाकारों को बंधक बनाया। 2004 - जापान में आए भूकंप ने 85 हजार लोगों को बेघर कर दिया। 2011 - तुर्की के वान प्रांत में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 582 लोगों की मौत हुई और हजारों घायल हुए।

आयुष्मान-वाणी की 'चंडीगढ़ करे आशिकी' की शूटिंग शुरू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और वाणी कपूर की जोड़ी वाली फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' की शूटिंग शुरू हो गयी है। आयुष्मान और वाणी ने निर्देशक अभिषेक कपूर की अगली फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' की शूटिंग शुरू कर दी है। कुछ दिनों पहले वाणी फिल्म की तैयारी के लिए चंडीगढ़ पहुंची थीं। वाणी ने बताया था कि फिल्म पर काम शुरू हो गया है। अब आयुष्मान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वाणी और फिल्म के डायरेक्टर के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में आयुष्मान और वाणी निर्देशक अभिषेक कपूर के साथ पोज देते दिख रहे हैं। दूसरी पिक्चर में फिल्म का क्लैपबोर्ड नजर आ रहा है।

वाणी ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, ÷अगला स्टॉपः मेरा होमटाउन चंडीगढ़ पहली बार। अभिषेक कपूर की प्रोग्रेसिव लव स्टोरी को लेकर एक्साइटेड हूं। जैसे ही आयुष्मान ने पोस्ट शेयर किया, अपारशक्ति खुराना, हुमा कुरैशी, बादशाह समेत तमाम सिलेब्स ने कॉमेंट सेक्शन में लव रिऐक्ट किया।

सलमान खान की फिल्म राधे अगले साल ईद पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के फैन्स उनकी फिल्म राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में सलमान और दिशा पाटनी ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। जानकारी के अनुसार इस साल फिल्म का रिलीज हो पाना संभव नहीं है। ऐसे में मेकर्स फिल्म राधे को अगले साल रिलीज करने का प्लान बना रहा है। ऐसा भी बताया जा रहा है यह फिल्म 2021 की ईद पर रिलीज हो सकती है। मिड डे ने अपनी एक रिपोर्ट में सोर्स के आधार पर बताया कि इस हफ्ते सोमवार को सलमान खान ने को-प्रोड्यूसर अतुल अग्निहोत्री, सोहेल खान और निखिल नामित के साथ मिलकर एक मीटिंग की थी। इससे पहले मेकर्स इस फिल्म को रिपब्लिक डे पर रिलीज करने का मन बना रहे थे, लेकिन हाल ही में सिनेमाघरों के खुलने के बाद कम संख्या में पहुंच रहे दर्शकों को देखते हुए इस प्लान कैंसिल कर दिया। मेकर्स ने यह अनुमान लगाया कि अगर यह बिग बजट फिल्म वर्तमान स्थिति में रिलीज होती है इसका बिजनेस 120 करोड़ के आसपास सिमट कर रह जाएगा। ऐसे में मेकर्स ने इस बात को ध्यान में रखते हुए फिल्म को अगले साल 12 मई को रिलीज करने का प्लान बनाया है। वैसे यह परंपरा रही है कि सलमान खान अपनी फिल्म से फैन्स को हर साल ईदी देते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्विटर अकाउंट पर सलमान खान का वीडियो शेयर किया था, जिसमें सलमान खान राधे की शूटिंग कंप्लीट होने की जानकारी दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान खान सेट पर अपनी कार से उतरते हैं और कहते हैं, 'रैप फॉर राधे।' वीडियो में सलमान खान फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर काफी खुश दिखाई दिए।

शाहरूख खान नवंबर में फिल्म 'पठान' की शूटिंग शुरू करेंगे!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान नवंबर में फिल्म 'पठान' की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं। वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म जीरो में शाहरूख अंतिम बार नजर आये थे। चर्चा है कि जल्द ही वह बड़े पर्दे पर कमबैक कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि शाहरूख नवंबर 2020 से अपनी अगली फिल्म 'पठान' की शूटिंग करेंगे। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी अभिनय करते नजर आएंगे।

फिल्म का पहला शेड्यूल दो महीने के लिए है और इसके बाद थोड़ा ब्रेक होगा। नवंबर-दिसंबर में शाहरुख शूटिंग करेंगे और नए साल के बाद दीपिका फिल्म के सेट पर पहुंचेंगी।

डोनियर के साथ अपने वार्डरोब को करें अपग्रेड

मुंबई। टेक्सटाइल इनोवेशन का सरताज, डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, वर्षो के दौरान घर-घर तक पहुंचने वाला नाम बन चुका है। त्योहारों के मौसम की शुरुआत के साथ ही डोनियर ने त्योहारों और सर्दियों के मौसम के लिए विभिन्न रेंज में अपना नया कलेक्शन लॉन्च किया है। फैंसी डिजाइनों के साथ शानदार फैब्रिक्स विभिन्न सब -ब्रांड्स में उपलब्ध हैं। कॉटन, पॉली विस्कस और टेरी-रेऑन, पीवी लाइक्रा ब्लेंड यह कलेक्शन देश भर में उपलब्ध है और हर किसी के लिए और किसी भी अवसर के लिए बिल्कुल परफेक्ट है।

कोविड -19 महामारी ने ज्यादातर उद्योगों को बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया है ङ्क हर जगह लगभग ठहराव की स्थिति बन गई। हालांकि, इस अवधि के दौरान डोनियर, अनुसंधान और विकास के मामले में सबसे आगे रहा और- 'एंटी-वायरल' फैब्रिक्स को इनोवेट किया और इस आला कैटेगरी में बाजार का सरताज बन गया। अनलॉक के बाद फैक्ट्री ने दोबारा काम करना शुरू कर दिया और सिर्फ त्योहारों / सर्दियों के मौसम के लिए, डोनियर ने इसका उत्पादन शुरू किया, और अपने ग्राहकों के वार्डरोब को कलरफुल और शानदार अपग्रेड देने के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुका है। त्योहारों को सेफ और सुरक्षित बनाने की अहमियत को देखते हुए, डोनियर ने क्लासिक रंगों के साथ एंटी-वायरल फैब्रिक्स की विभिन्न रेंज भी तैयार किया है। जिसमें चेक और स्ट्रिप्स के प्रिंट भी शामिल हैं।

ये फेस्टिव/विंटर कलेक्शन फैब्रिक्स शर्ट, सूट, जैकेट, शेरवानी, बंडिस आदि की सिलाई के लिए परफेक्ट हैं और अनेक रंगों, मसलन क्लासिक सॉलिड्स से लेकर पेस्टल, चेक और फैंसी डिजाइन्स तक में उपलब्ध हैं। और जब गिफ्ट देने की बात हो तो भी ये एक शानदार विकल्प हैं और सभी प्रमुख दुकानों पर उपलब्ध हैं। अपने फेस्टिव लुक में जान डालने के लिए आप अपने आउटफिट्स को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए मास्क भी खरीद सकते हैं। एथनिक वियर के लिए फैब्रिक्स आने वाले त्योहारों व शादियों के लिए विभिन्न पैटर्न, डिज़ाइन और ब्लेंड्स के साथ सबसे महत्वपूर्ण कलेक्शन रहे हैं। इसके अलावा, ऑल डायमेंसंस ऑफ स्ट्रिप्स में नया 'फैशन स्ट्रीक कलेक्शन' जैकेटिंग फैब्रिक्स की एक शानदार डिजाइनर रेंज है।

फेस्टिव/ विंटर कलेक्शन के बारे में बताते हुए, डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा, ÷फेस्टिव सीज़न की शुरुआत और बेहतरीन इन-हाउस मैन्यूफैक्चरिंग क्षमताओं के साथ, हम पूरे जोर-शोर से मैन्यूफैक्चरिंग में वापस आ चुके हैं। अपने चौंकाने वाले नए कलेक्शन विशेषकर इस सीजन के फैशन के साथ बाजार में छा जाने के लिए हम बिल्कुल तैयार हैं। फेस्टिव सीज़न के लिए सभी प्रॉडक्ट्स को अच्छी तरह से तैयार करने को लेकर हम बहुत खुश हैं।

सेंसेक्स 149 अंक लुढ़का और निफ्टी 41 अंक फिसला

मुम्बई (वार्ता)। वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच बैंकिंग क्षेत्र में हुई बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को लगातार चार दिन की बढ़त खो दी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 148.82 अंक लुढ़ककर 40,558.49 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 41.20 अंक फिसलकर सेंसेक्स की शुरुआज आज कमजोर रही और यह गिरावट में 40,531.31 अंक पर खुला। कोरोबार के दौरान 40,721.57 अंक के दिवस के उच्चतम और 40,309.05 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ यह गत दिवस की तुलना में 0.37 प्रतिशत फिसलकर 40,558.49 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियां लाल निशान में रहीं।

'द बिग बिलियन डेज़' सेल में किराना और रिटेलरों ने की भारी बचत

बैंगलुरु। देश भर के किराना और रिटेलरों ने इस त्योहारी मौसम के जश्न का अच्छा लाभ उठाया और इसकी वजह थी 'द बिग बिलियन डेज़' सेल जिसे फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल और बैस्ट प्राइस कैश-ऐंड-कैरी स्टोर्स से संयुक्त रूप से पहली बार आयोजित किया था। देश के 3000 से ज्यादा पिनकोडों पर, एक लाख से ज्यादा खुदरा विक्रेताओं -जिनमें से अधिकांश छोटे किराना हैं- ने बैस्ट प्राइस स्टोर्स व उसके ई-कॉमर्स चैनलों तथा फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप के जरिए द बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान खरीददारी की। यह सेल 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चली। फ्लिपकार्ट के बी2बी बिज़नेस के सदस्यों ने पैकेज्ट फूड, होम केयर, पर्सनल केयर, इलेक्ट्रॉनिक्स व उपकरणों, अपैरल, फुटवियर और जनरल मर्चेंडाइज़ आदि श्रेणियों में सामान की खरीददारी पर 60 प्रतिशत तक की बचत प्राप्त की। फ्लिपकार्ट होलसेल और वालमार्ट इंडिया के

सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हैड आदर्श मेनन ने कहा, ''ऐसा पहली बार हुआ है कि फ्लिपकार्ट के बी2बी बिज़नेस ने द बिग बिलियन डेज़ का आयोजन किया तथा इस वार्षिक आयोजन की क्षमता का उपयोग करते हुए किराना कारोबारियों और सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योगों तक इस आयोजन का लाभ पहुंचाया। हम किराना कारोबारियों और सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योगों को खुशहाल बनाने और रिटेल ईकोसिस्टम के लिए समर्पित हैं। हम इस सेल में अपने सदस्यों के लिए कुछ सर्वश्रेष्ठ ऑफर लेकर आए। हमें जो उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली है उससे हम बहुत खुश हैं और इस दौरान हम उन्हें भारी बचत हासिल करने में मददगार बने। हम आगे भी ऐसे ही अन्य कई सफल आयोजन करते रहेंगे।

खाताबुक ने लांच किया 'माय स्टोर' ऐप

नई दिल्ली। भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते हुए फिनटेक स्टार्ट-ऐप में से एक, खाताबुक ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एंड्रॉइड पर 'माय स्टोर' ऐप लॉन्च किया है।ऐप की साइन-अप प्रक्रिया बेहद आसान है, इसके साथ ही यह एक शानदार अनुभव और सुरक्षित इंटरफ़ेस देता है ङ्क इसी कारण व्यापारी महज़ 15 सेकंड में अपने बिज़नेस को ऑनलाइन ला सकते हैं। खाताबुक का 'माय स्टोर' ऐप 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है जिस कारण इसका इस्तेमाल करना आसान हो जाता है और यह पैन-इंडिया स्वीकरण रखता है। इस ऐप से व्यापारी सोशल डिस्टेंसिंग बरकरार रखते हुए भी अपना बिज़नेस जारी रख सकते हैं। अभी तक भारत के 25 लाख से ज़्यादा व्यापारी 'माय स्टोर' ऐप डाउनलोड कर चुके हैं। अनुमान है कि इस ऐप की यूज़र प्रोफाइल सिनर्जी, फ्लैगशिप खाताबुक ऐप के यूज़र बेस के एक तिहाई से ज़्यादा होगी। खाताबुक के सह-संस्थापक और सीईओ रवीश नरेश ने इसके लॉन्च के अवसर पर कहा कि हम भारत के स्स्स्थ सेगमेंट की दक्षता में सुधार करने और बिज़ने सच लाने की लागत को कम करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियाई गोल्फर एडम स्कॉट कोरोना से संक्रमित

सिडनी, 22 अक्टूबर (वार्ता) विश्व के पूर्व नंबर एक गोल्फ खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के एडम स्कॉट वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण इस सप्ताह अमेरिका के कैलिफोर्निया में होने वाले पीजिए टूर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

पीजीए टूर ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह पुष्टि करते हुए बताया कि स्कॉट कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण जोजो चैंपियनशिप से हट गए हैं। पीजीए ने कहा,÷ स्कॉट ने पिछले महीने आयोजित यूएस ओपन में भाग लिया था। कोरोना संक्रमण के कारण उनके घर में क्वारंटाइन के दौरान पीजीए टूर सीडीसी दिशा-निर्देशों के तहत उनका पूरा समर्थन करेगा। स्कॉट की जगह पर जिम हर्मन टूर्नामेंट में खेलेंगे।÷

ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट विश्व रैंकिंग में फिलहाल 15वें पायदान पर हैं और ऑस्ट्रेलिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने कोई मास्टर्स

पीएनबी 'डिजिटल अपनाएं दिवस' मना रहा है

इंदौर। अपने नवोन्मेशी तथा सफल डिजिटल अभियान को गति प्रदान करने के लिए देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, पंजाब नैशनल बैंक के मण्डल कार्यालय, भिलाई के अंतर्गत स्थित शाखा कार्यालयों में 'डिजिटल अपनाएं दिवस' मनाया गया। यह अभियान शुरुआत से ही अधिकाधिक ग्राहकों तथा व्यापारियों को रुपे डेबिट कार्ड, यूपीआई तथा एईपीएस खातों का प्रयोग करते हुए अपनी वित्तीय जरुरतों हेतु आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से

जोड़ने में बहुत कारगर रहा है। साथ ही, यह अभियान एक करोड़ ग्राहकों को डिजिटल माध्यमों से जोड़ने के भारत सरकार के विजन में भी सहायता कर रहा है। देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री सीएच एस.एस. मल्लिकार्जुन राव, एमडी व सीईओ, पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 'डिजिटल अपनाएं' अभियान का शुभारंभ किया गया था, जिसके बाद से बैंक में 5 लाख से अधिक नए ग्राहक जुड़े, जिन्होंने 15 अगस्त से 30 सितंबर, 2020 तक सफलतापूर्वक 8 लाख से अधिक डिजिटल लेनदेन किए हैं। बैंक ने डिजिटल माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने वाले इन ग्राहकों की ओर से सीएसआर के रूप में पीएम केयर्स फंड में 40 लाख रुपये से अधिक का योगदान दिया।

आईपीएल-13 : चेन्नई सात हार और छह अंकों के साथ आठवें और अंतिम स्थान पर

चेन्नई अब हारी तो बाहर, मुंबई की नजरें मजबूती पर

शारजाह (वार्ता)। लगातार निराशाजनक प्रदर्शन कर रही चेन्नई सुपरकिंग्स शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले में हारी तो आईपीएल से बाहर हो जायेगी। दूसरी तरफ मुंबई की नजरें प्लेऑफ के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने पर लगी होंगी।

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई ने इस आईपीएल की शुरुआत उद्घाटन मैच में मुंबई को हराकर शानदार तरीके से की थी लेकिन उसके बाद से चेन्नई के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आती चली गयी। चेन्नई इस समय 10 मैचों में तीन जीत, सात हार और छह अंकों के साथ आठवें और अंतिम स्थान पर है।

चेन्नई यदि इस मुकाबले में हारती है तो उसका सफर समाप्त हो जाएगा। कप्तान धोनी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मुकाबले के बाद स्वीकार किया था कि उनका इस सत्र में सफर लगभग समाप्त हो चुका है। शारजाह के छोटे मैदान में यदि चेन्नई उद्घाटन मैच की तरह मुंबई को हारने में सफल रहती है तो उसके लिए कुछ उम्मीदें जागेंगी। चेन्नई को अपनी उम्मीदों के लिए शेष सभी चार मैच जीतने हैं और बाकी टीमों के परिणाम पर भी नजर रखनी है। लेकिन इसके लिए उसे राजस्थान के खिलाफ पिछले मैच के प्रदर्शन से उबरना होगा।

चेन्नई ने राजस्थान के खिलाफ काफी खराब बल्लेबाजी करते हुए मात्र 125 रन बनाये थे। धोनी को उस प्रदर्शन से उबरना होगा और टीम को प्रेरित करना होगा।

**OFFICE OF THE JT. DIRECTOR CUM SUPERINTENDENT
DR. B.R. AMBEDKAR MEMORIAL HOSPITAL
RAIPUR (C.G)**

No./DR.BRAMH/SPC/17125 Raipur, dated 20/10/2020

e-Procurement Tender Notification

Dr.B.R. Ambedkar Memoorial Hospital Raipur (C.G) invites e-tender no. 68538 for Online e-tenders are invited for Rapair ane Running, Maintenance & Operation (CMC) of Central Air-conditioning plant and Independent AC units, The Tender Document containing the detailed terms & conditions may be viewed and obtained from https://eproc.cgstate.gov.in

BID SUBMISSION START DATE	20 OCT, 2020 5:00:00 PM IST
BID DUE DATE	6 NOV, 2020 1:00:00 PM IST
HPYSICAL FDR SUBMISSION END DATE	6 NOV,2020 1:30:00 PM IST
BID OPEN DATE (SCHEDULED)	6 NOV,2020 2:00:00 PM IST

G-84458/2

**Jt. Director cum Superintendent
Dr. B.R. Ambedkar Memorial Hospital
Raipur (C.G.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**

फोन नं. 0771-2971574 Email Id:- eocghbzone04@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भू-खण्ड/ भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/ भवन को फ्री-होल्ड के लिए आबंटियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किय गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है। अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें, अन्यथा नियम अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगे।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन क्रमांक
	दीनदयाल आवास योजना सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)		
1	श्री अर्जुन तिवारी	पिता श्री रामकुमार तिवारी	एल.आई.जी.- 533
2	श्री राहुल सिंह साहू	पिता श्री उदय सिंह साहू	एल.आई.जी.- 310
3	श्री टीकम साहू	पिता श्री उत्तरा कुमार साहू	एल.आई.जी.- 891
4	श्रीमती नुतन टेंभरे	पति श्री ललित कुमार टेंभरे	एल.आई.जी.- 1128
5	श्री मूरत सिंह सनोदिया	पिता श्री धन्नेलाल सनोदिया	एल.आई.जी.- 674
6	श्री दिनेश कुमार चौधरी	पिता श्री रामदयाल चौधरी	एल.आई.जी.- 925
7	श्री जगदीश कुमार यादव	पिता श्री साधराम यादव	एल.आई.जी.- 1152
8	श्री आनंद कुमार चौधरी	पिता श्री रामदयाल चौधरी	एल.आई.जी.- 926
9	श्री शेख स्माईल एवं श्री शेख अमीर	पिता श्री शेख अमीर एवं पिता स्व. श्री पीर मोहम्मद	एल.आई.जी.- 868
10	श्री शंकर लाल साहू	पिता स्व. श्री भुनेश्वर साहू	एल.आई.जी.- 1228
11	श्रीमती प्रतिभा गेण्डरे	पति श्री जय प्रकाश गेण्डरे	एल.आई.जी.- 320
12	श्री सुनील कुमार भूमरकर	पिता श्री व्ही.एम. भूमरकर	एल.आई.जी.- 1174
13	श्री कमलेश्वर सिंह	पिता स्व. श्री रामरतन सिंह	एल.आई.जी.- 433
14	श्री सुशांत पॉल	पिता श्री एच.पी. पॉल	एल.आई.जी.- 521
15	श्री रत्नेश कुमार अग्रवाल	पिता श्री रामकृष्ण अग्रवाल	एल.आई.जी.- 391
16	श्रीमती रश्मि अग्रवाल	पति श्री रत्नेश कुमार अग्रवाल	एल.आई.जी.- 367
17	श्री राहुल सोनी	पिता श्री शिवकुमार सोनी	एल.आई.जी.- 360
18	श्री सिद्धेश्वर सिंह मैत्री	पिता श्री घुराऊ राम मैत्री	एल.आई.जी.- 978
	दीनदयाल योजना गातापार (अभनपुर), रायपुर (छ.ग.)		
1	श्री सतीश कुमार तिवारी	पिता श्री मन्नूलाल तिवारी	एल.आई.जी.- 95
	अटल आवास योजना गातापार (अभनपुर), रायपुर (छ.ग.)		
1	श्रीमती रंजिता बाला मसीह	पति श्री बसंत मसीह	अटल आवास- 131
2	श्रीमती ममता सालावत एवं श्री हेमन्त कुमार साहू	पति श्री कमलेश सालावत एवं पिता श्री भूखन लाल साहू	अटल आवास- 15
	दीनदयाल आवास योजना, खिलौरा, रायपुर (छ.ग.)		
1	श्री वेदप्रकाश शुक्ला	पिता श्री राकेश कुमार शुक्ला	एल.आई.जी.- 52
2	श्रीमती रानु मजुमदार	पति श्री शिवानंद मजुमदार	एल.आई.जी.- 165
3	श्री नरेश मेश्राम एवं श्रीमती निलिमा मेश्राम	पिता श्री मारोति मेश्राम एवं पति श्री नरेश मेश्राम	एल.आई.जी.- 211
4	श्री बुद्धप्रिय दर्शन मेश्राम	पिता श्री मारोति मेश्राम	एल.आई.जी.- 151
5	श्री प्रज्ञाशील मेश्राम	पिता श्री मारोति मेश्राम	एल.आई.जी.- 16
6	श्री अमित सिंह ठाकुर	पिता श्री प्रेम सिंह ठाकुर	एल.आई.जी.- 110
	अटल विहार योजना उरला (अभनपुर), रायपुर (छ.ग.)		
1	श्री खेमराज साहू	पिता श्री महेश साहू	EWS Flat Bl.-01T.F./402

**संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- 4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**

गृहमंत्री ने किया उतई में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

उतई। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने नगर पंचायत उतई में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन की।नगर पंचायत उतई में जनसंपर्क अभियान के तहत पहुंचे क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने नगर पंचायत भवन में विभिन्न विकास कार्य विश्राम गृह के लिए 79 लाख 95 हजार, मंच निर्माण, तालाब पचरिकरण, बोर खनन जैसे कार्यो का भूमिपूजन की।कार्यक्रम में स्वागत भाषण नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने प्रस्तुत करते हुए नगर के विकास के लिए विभीन्न मांग रखे।इस दौरान मंत्री ने सभी मांगो को प्राथमिकता के साथ क्रमश पूरा करने का आश्वाशन दी।मंत्री ने कहा नगर पंचायत उतई आसपास के 15 से 20 गांवों के मुख्य केंद्र होने के कारण उतई को आने वाले समय मे विभिन्न विकास कार्य करना है जिसे लोगो को कोई परेशानी ना हो।इसके लिए नगर पंचायत के सभी प्रतिनिधि वरिष्ठ लोगो के परामर्श व योजना बनाकर विकास की गति को बढ़ाना है जो भविष्य के लिए काम आये।उन्होंने शासन के योजनाओ के जानकारी भी दी।कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम व आभार पार्षद डॉ प्रह्लाद वर्मा ने की।पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मंत्री ताम्रध्वज साहू को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर ,पूर्व सरपंच खुमान साहू,पूर्व जनपद सदस्य भीष्म हिरवानी ,नगर कांग्रेश कमेटी अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम,अध्यक्ष दुर्ग ग्रमीण कांग्रेस निर्मल कोसरे,पार्षद तोषण साहू,राकेश साहू,डॉ प्रह्लाद वर्मा,संजयगिरी,एल्डरमेन तरुण बंजारे,नंदकुमार सेन,जामवंत साहू ,पदुम साहू,मनोरमा देवांगन,दीपमाला देशलहरे,अशोक रिगरी, पोषण क्षत्रिय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पढ़ाई के साथ-साथ मूर्तिकला में भी समय दे रहे देवेन्द्र और गुपिल

उतई। नगर पंचायत उतई के शीतलानगर उतई निवासी व शारदा विद्यालय, रिसाली सेक्टर भिलाई के छात्र देवेन्द्र कुमार वर्मा क्लाश छटवी और गुपिल साहू

क्लाश सातवी ने आनलाइन क्लास ज्वाइन करने के बाद पढ़ाई के साथ साथ प्रतिदिन दो घंटे मूर्तिकला कार्य में भी समय देते हुए इन्होंने घर मे ही मिट्टी के आकर्षक मुर्तिया बनाये है।दोनों ने मिलकर भगवान श्रीगणेश,लक्ष्मी, सरस्वती, और काली मां के सुंदर व आकर्षित मूर्तियां बनाए है और मूर्ति बनाने के कार्य जारी रखे हुए है।ऐसे कहा जाता है बालक ईश्वर की सर्वोत्तम कृति है। बच्चों में ईश्वर प्रदत्त नैसर्गिक गुण होते हैं जिसे ये दोनों सृजनशीलता ने अपनी लगन और मेहनत से उभार रहे है। अपने संस्कृति को मूर्तिकला के माध्यम से समझने का यह अच्छा प्रयास है। इनके कार्य से पालकगण और शाला परिवार शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर प्रसंत्ता वयक्त करते हुए दोनों विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

कोरबा अमृतसर पूजा स्पेशल मेरठ सिटी एवं दुर्ग जम्मूतवी 3 नवम्बर तक दिल्ली तक चलेगी

भाटापारा। किसान आन्दोलन के फलस्वरूप 22 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक कोरबा छूटने वाली 08237 कोरबा – अमृतसर त्रि - साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन मेरठ सिटी रेल्वे स्टेशन में ही समाप्त होकर यह गाड़ी मेरठ सिटी रेल्वे स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना होगी एवं 22 अक्टूबर से 04 नवम्बर तक अमृतसर से छूटने वाली 08238 अमृतसर – बिलासपुर त्रि - साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन अमृतसर के स्थान पर मेरठ सिटी रेल्वे स्टेशन से ही रवाना होगी अर्थात यह गाड़ी मेरठ सिटी-अमृतसर- मेरठ सिटी के बीच रद्द रहेगी ।उसी तरह 23 अक्टूबर को जम्मूतवी से छूटने वाली 08216 जम्मूतवी – दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन जम्मूतवी स्टेशन के स्थान पर नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन से ही दुर्ग के लिए रवाना होगी अर्थात यह गाड़ी जम्मूतवी-नई दिल्ली के मध्य रद्द रहेगी ।

6770 रूपये नकद के साथ सटोरिया और खाईवाल गिरफ्तार

भाटापारा। होटल की आड़ में सट्टा खाईवाली करने और सट्टा पट्टी लेने के आरोप में शहर पुलिस ने महासती मन्दिर रॉड स्थित एक होटल संचालक को सट्टा पट्टी की खाईवाली करते और एक अन्य को सट्टा लिखते पकड़कर उनके कब्जे से 6770 रूपये नकद ,मोबाईल,सट्टा पट्टी पेन के साथ पकड़कर उनके खिलाफजुवा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। उपरोक्त जानकारी देते हुए थाना शहर प्रभारी महेश धुव ने बताया की मुखबीर सुचना पर उप निरीक्षक हितेश जंघेल एवं स्टॉफने रायल इन होटल के पास यादव होटल के संचालक द्वारा मोबाईल एवं कागज से सट्टा पट्टी लिखने कल्याण सट्टा लिखते संचालक और उसके नोकर को रंगे हाथ पकड़ा। टी आई श्री धुव ने बताया की होटल के संचालक और नोकर के कब्जे से 01 नग मोबाइल किमती 6000 रूपया एवं सट्टा पट्टी के नगदी 550 रूपये मिला तथा खाईवाल के पास से 05 नग सट्टा पट्टी, 01 नग डाट पेन लिखो फेको व नकदी 6220 रूपये मिला *कुल जुमला 01 नग मोबाइल किमती 6000 नगदी रकम 6770 रू और कागज में लिखा सट्टा पट्टी, पेन जुमला नगदी रकम 12770 रू.जब्त कर दोनों के खिलाफ अपराध धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

भूपेश और सिंहदेव के इलाज पर भरोसा, मौत के मुंह से वापस लौट रहे किडनी पीड़ित

देवभोग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव द्वारा सुपेबेडा की किडनी पीड़ितों के लिए बेहतर व्यवस्था के साथ समुचित इलाज मुहैया करने से आज किडनी पीड़ित मौत के मुंह से वापस लौट रहे हैं। इसके अलावा पीड़ितों को घर पर ही डायलिसिस किया जाए इसके लिए कांग्रेस सरकार द्वारा पेरिटोनियल डायलिसिस मशीन का भी इंतजाम किया है। मतलब अब किडनी पीड़ितों को 227 किलोमीटर रायपुर इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। गांव के त्रिलोचन सोनवानी ने कहा कि भूपेश सरकार के कैबिनेट स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में किडनी पीड़ितों की एक एक

समस्या से अवगत हो रहे हैं। और बकायदा समय पर निराकरण भी किया जा रहा है। यही कारण है कि किडन्नी पीड़ित खुशी-खुशी इलाज के लिए तैयार हो रहे हैं। जिसका नतीजा आज गांव में मौत का दर काफी हद तक घट गया है। देश दुनिया में चर्चित किडनी पीड़ित गांव सुपेबेड़ा के लोग अब राहत की सांस ले रहे हैं। क्योंकि कुछ सालों के बीच हर तीसरे घर पर मौत का तांडव होता रहा। जानकारी अनुसार पिछले 11 साल में सरकारी रिकॉर्ड मुताबिक 76

मौत हो चुकी है। हालांकि ग्रामीणों की मानें तो गांव में लाल बंधु और पुरंदर को मिलाकर 102 किडनी पीड़ित मौत के आगोश में समा चुके हैं। मतलब 2009 से लेकर 2018 तक 85% तक मौत होती रही। लेकिन अब वह 10 से 12% घटकर रह गया है। इस वर्ष के अप्रैल माह से लेकर अब तक सिर्फ3 मौत हुई है। जो सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।सबसे अच्छी बात तो यह है कि सरकार द्वारा समुचित व्यवस्था के चलते किडनी पीड़ितों की तबीयत मे भी काफी सुधार हो रहा है। कुछ समय पहले जयसन पटेल का क्रिएटिन लगभग 8न बढ़ गया था जो अभी 2% है। इसी तरह प्रताप का क्रिएटिंन भी 4 पॉइंट 50 प्रतिशत से घटकर 1 पॉइंट 95 हो गया है। ऐसे अन्य मरीजों का भी तबीयत में सुधार होना बताया जा रहा है। इससे गांव के लोग भी काफी राहत महसूस कर रहे हैं। इसके साथ पीड़ित भी खुशी से इलाज के लिए तैयार हो रहे हैं क्योंकि अब पीड़ितों को घर बैठे डायलिसिस इलाज की व्यवस्था क्या है। ताकि घर परिवार को छोड़कर राजधानी का सफर तय नहीं करना पड़े। अक्सर घर का मुखिया किडनी बीमारी से ग्रसित होने के बाद रायपुर पर इलाज लेने से कतराते रहे। लेकिन अब पीड़ित घर परिवार का भरण-पोषण करते हुए भी अपना इलाज करवा सकते हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि कुछ समय पहले किडनी पीड़ित अपने बीवी बच्चों को छोड़कर रायपुर में डायलिसिस इलाज लेने को मजबूर रहे जिसके चलते परिवार की स्थिति पूरी तरह डगमगा जाती रही। और इसी के मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने गांव पर ही पेरीटोनियल डायलिसिस की व्यवस्था किया है।

कार व स्कूटी में जबरदस्त टक्कर

बोड़ला। नगर के एनएच में वार्ड क्रमांक 10 बांधा टोला में एक शिफ्ट कार से स्कूटी की टक्कर हो जाने से नगर की एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है घटना के विषय में प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक छह में रहने वाली दामिनी खरे पिता स्वर्गीय शिव खरे उम्र 20 वर्ष अपने लाल कलर के स्कूटी सीजी 09 जेएफ 0584 में सवार होकर सिंचाई कॉलोनी बांधा टोला वार्ड नंबर 10 में रह रही अपनी बहन से मिलने जा रही थी उसी दौरान मंडला जबलपुर की ओर से आ रही स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 51 सीए 5951 जोकि कोरबा जा रहे थे कार ने तिवारी होटल के पास बन रहे नए मकानों के पास स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी जिससे लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई उसे पैर कमर आंखों के पास जोरदार चोट लगी घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी 112 की मदद से युवती को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

बिल्डिंग मटेरियल बन रहे दुर्घटना के कारण

सड़क किनारे अवस्थित तरीके से रखे गए बिल्डिंग मटेरियल के कारण सड़क किनारे दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है ताजा मामले में भी ऐसा ही हुआ है चिल्पी की ओर से नगर की ओर आने पर सड़क किनारे हो रहे नव निर्माण के चलते एनएच में ही दोनों साइड बिल्डिंग मटेरियल अटे पड़े रहते हैं जिससे छोटी-मोटी दुर्घटनाएं घटती ही रहती है बांधा टोला से तहसील कॉलोनी तक सड़क किनारे चाय दुकानों एवं गाड़ियों के सड़क में खड़े होने से लगातार दुर्घटनाएं घट रही है।

स्कूटी के परखच्चे उड़े: कार ने स्कूटी को इतनी जबरदस्त टक्कर मारी की स्कूटी के परखच्चे उड़ गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार और कार चालक मंडला के हिमांशु मेरावी ने बताया की ओवर टेक करते समय लड़की को सामने से आती कार नहीं दिखी और वह हड़बड़ा गई ट्रक को ओवरटेक करते हड़बड़ी में लड़की की स्कूटी कार की ओर घुस गई और टकरा गई 7टक्कर के बाद लड़की स्कूटी से गिर गई स्पीड में टक्कर मारने के बाद कार रोड में ही एक राउंड घूम गई रायपुर की ओर जा रही कार ब्रेक मारने के बाद उसका मुंह जबलपुर की ओर हो गया सड़क किनारे रखे बिल्डिंग मटेरियल और ईट में कार टकरा गई जिससे कार की बॉडी बुरी तरह से खराब हो गई

सोन पत्ती पर कोरोना का कहर.. !

- **कुछ सौ रुपए और 2 घंटे की दुकान लॉक**

भाटापारा। करोड़ नहीं। लाख नहीं। हजार भी नहीं । महज कुछ सैकड़ा का एक कारोबार भी कोरोना का शिकार हो चुका है। साल में 1 दिन, नहीं कुछ घंटे का यह कारोबार उस सोन पत्ती का है जिस पर कोरोना की काली छाया फैल चुकी है। इसलिए क्योंकि इस बार विजयादशमी का पर्व सीमित संख्या की मौजूदगी में मनाए जाने की गाईडलाइन जारी हो चुकी है। इसलिए यह कारोबार पूरी तरह शून्य पर जा चुका है।

कचनार नाम है उस पेड़ का जिस की पत्तियों का अपना पौराणिक महत्व है। यह महत्व भी केवल 1 दिन का होता है। वह दिन है विजयादशमी। इस दिन इसकी पत्तियां रावण दहन के बाद बुराई पर अच्छाई की विजय के उपलक्ष्य में एक दूसरे को दी जाती है। इन पत्तियों को सोन पत्ती के नाम से जाना जाता है। इस बार यह पूरी तरह जमीन पर आ चुकी है क्योंकि रावण दहन तो होगा लेकिन किसी

भी प्रकार के स्टाल या दुकान और मेला जैसा माहौल नहीं रहेगा। 1 दिन के इस पर्व पर होने वाले कारोबार पर पूरी तरह बंदिश लगाई जा चुकी है। इसलिए इस बरस अंचल के नौ गांव से शहर पहुंचकर सोन पत्ती बेचने वाले नहीं बेच पाएंगे। यदि आएंगे भी तो खरीदने वाला कौन होगा? जैसे सवालों का उठना स्वाभाविक है।

2 घंटे की सोन पत्ती

नौ गांव से आने वाली सोन पत्ती बेचने के कारोबार की अवधि साल में केवल एक दिन नहीं महज 2 घंटे की मानी जाती है। करोड़ ,लाख या हजार नहीं महज कुछ सैकड़ा की बिक्री वाला यह क्षेत्र इस बार इस दो घंटे की मेहनत के बाद मिलने वाली रकम से पूरी तरह बाहर हो चुका है। फिर भी उम्मीद लगाए हुए हैं कि बीते साल की तरह तो नहीं ,कुछ तो हासिल हो जाएगा। इसलिए इंतजार है उस दिन का जब शहर में इसे बाजार क्षेत्र में बेचने की अनुमति मिलेगी। अब यहां कब मिलेगी, जैसे सवाल के जवाब जिम्मेदार ही दे पाएंगे।

यहां से आती है सोन पत्तियां

शहर में मनाया जाने वाला विजयादशमी का पर्व हमेशा से अंचल में लोकप्रिय रहा है। ब्लॉक के हर गांव से बड़ी संख्या में इसे देखने और मनाने लोग आते हैं लेकिन इस बार इस पर पूरी तरह रोक लग चुकी है। स्टॉल संचालक तो फिर भी पूरे साल रोजगार जुटा लेते हैं लेकिन ग्राम माचाभाट, टिकुलिया ,ढाबाडीह, टोनाटार, गाड़ाडीह, बुचीपार, दावनबोड़, टेहका और ग्राम मोहभट्ठा के कचनार के पेड़ों की पत्तियां पेड़ों पर ही लगी रह जाएंगी।

कबीरधाम जिले के 11 प्रतिभावान युवाओं के सपने को मिली नई उड़ान

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के 11 प्रतिभाशाली युवाओं के सपने को निःशुल्क कोचिंग ÷पहल÷ के माध्यम से नई उड़ान मिली है। जिले के 11 युवाओ ने वर्ष 2019-20 की नीट की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। यह कबीरधाम जिले के लिए बड़ी कामयाबी है। नीट मेन्स की परीक्षा में सफल हुए परीक्षार्थियों में समान्य वर्ग के एक, अनुसूचित जन जाति वर्ग से एक, अनुसूचित जाति वर्ग से चार और अन्य पिछड़ा वर्ग से पांच शामिल है। इस सफलता के लिए प्रदेश के वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने सभी प्रतिभावान छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभावान परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार निःशुल्क आवासीय पहल कोचिंग का संचालन किया जावेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर तबके के प्रतिभाशाली युवाओं को उनके सपने पूरे करने के लिए खनिज न्यास निधि मद से नई नीति बनाई गई है। इस नीति के तहत जिले में खनिज निधि से मिलने वाली आय के जिले के युवाओं को राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर और आयोजित होने वाले प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने लिए निःशुल्क की व्यवस्था की गई। कबीरधाम जिले में इस निधि से निःशुल्क ÷पहल÷ आवासीय कोचिंग की शुरुआत की गई। प्रदेश के वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला न्यास मद कवर्धा द्वारा शासकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय कचहरी पारा में संचालित पहल निःशुल्क कोचिंग शुभारंभ किया था। इस सत्र में नीट परीक्षा में 11 विद्यार्थियों का नीट के लिए चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में किसन चंद्रवंशी, ओबीसी (केटेगिरी रैंक 42798), कमलेश्वर, सामान्य (केटेगिरी रैंक 47418), दुसेन साहु, ओबीसी (केटेगिरी रैंक 67496), यशोदा, एसटी (केटेगिरी रैंक 13895), खोमन करे, एससी (केटेगिरी रैंक 33472), लवकुमार एससी (केटेगिरी रैंक 33964), दुर्गेश खरे एससी (केटेगिरी रैंक 46539), भागवत पटेल ओबीसी (केटेगिरी रैंक 120981), दिलीप कुमार साहू ओबीसी (केटेगिरी रैंक 124115), अनारकली कुर्रे एससी (केटेगिरी रैंक 76656) और पितांबर, ओबीसी (केटेगिरी रैंक 136865) शामिल है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नीट परीक्षा में जिले के 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। युवाओं द्वारा नीट परीक्षा में सफलता का परचम लहराने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय दयाराम के, आदिम जाति विकास सहायक आयुक्त श्री आरएस टण्डन, एसडीएम श्री विपुल गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्री के. एल. महिलांगे, सहायक संचालक श्री एम के गुप्ता, प्राचार्य श्री प्रमोद शुक्ला ने बधाई दी है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

प्याज के दाम...

एवं खपत की नियमित समीक्षा की जाए।

अन्य राज्यों से प्याज के आयात, परिवहन एवं भंडारण संबंधी कोई समस्या हो तो इसका तत्काल निराकरण किया जाए। थोक व्यापारियों के विक्रय स्थल पर प्रतिदिन प्याज का उपलब्ध स्टॉक एवं थोक विक्रय मूल्य की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराई जाए। कलेक्टरों को कहा गया है कि जिले में उपलब्ध प्याज के थोक एवं खुदरा बाजार भाव का प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि आम लोगों को इस संबंध में जानकारी उपलब्ध हो सके और खुदरा व्यापारी अनावश्यक अधिक मूल्य पर प्याज का विक्रय न कर सकें।

इसके अतिरिक्त आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम 2020 की धारा 3 (क) के प्रावधानों के अंतर्गत कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत स्टाक लिमिट की आवश्यकता होने पर राज्य शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत सुनिश्चित की जाए।

सीएम और टीएस का...

मंत्री टीएस सिंहदेव की विभागीय व्यस्तता के मद्देनजर मरवाही में जनसंपर्क अभियान के अलावा दो बड़ी सभाएं संभावित हैं। कोरोना संक्रमण काल में स्वास्थ्य मंत्री काफी व्यस्त हैं। इसके अलावा पंचायत, ग्राम और लेमरू प्रोजेक्ट को लेकर भी उनकी मसरूफियत इन दिनों बढ़ी हुई है। फिर केंद्र के किसान कानून से यहां के किसानों को बचाने के लिए राज्य सरकार विशेष सत्र में खेत, खलिहान और किसान के लिए नया कानून भी पास करवाएगी। इन सब वजहों से पूरे सप्ताहभर तक छत्तीसगढ़ की सियासत की दो सबसे खास शख्सियतें काफी मसरूफ रहेंगी।

डाक मतपत्र वितरण...

आयु के), दिव्यांग, कोविड-19 से प्रभावित मतदाताओं को डाक मतपत्र वितरण, डाक मतपत्र से मतदान एवं डाकमतपत्र संग्रहण का कार्य 22 से 24 अक्टूबर तक इस हेतु विशेष रूप से गठित मतदान दलों के द्वारा किया जाएगा। डाक मतपत्र वितरण, मतदान एवं संग्रहण की जानकारी बी.एल.ओ के माध्यम से संबंधित मतदाताओं को अवगत कराया जाएगा।

टैंक रोधी मिसाइल...

समय में दुश्मन टैंकों को निशाना बनाने में सक्षम है। प्रक्षेपास्त्र, समग्र और प्रतिक्रियाशील कवच से लैस सभी टैंकों को नष्ट करने के लिए एक पैसिव होमिंग गाइडेंस उपकरण के साथ-साथ 'दागो और भूल जाओ' तथा 'उच्च हमले' की क्षमताओं से लैस है।

इस अंतिम प्रयोक्ता परीक्षण के बाद, अब नाग उत्पादन के चरण में प्रवेश करेगा। प्रक्षेपास्त्र का उत्पादन रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) द्वारा किया जाएगा, जबकि मेडक स्थित आयुध निर्माणी एनएएमआईसीए का उत्पादन करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय सेना को नाग प्रक्षेपास्त्र के सफल परीक्षण के लिए बधाई दी। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने प्रक्षेपास्त्र को उत्पादन चरण तक लाने में डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग के प्रयासों की सराहना की।

संभागायुक्त ने किया बेमेतरा जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

बेमेतरा/साजा। दुर्ग संभागायुक्त टी.सी. महावर ने बेमेतरा जिले के अनेक विकास कार्यों की समीक्षा की। संभागायुक्त ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 19-20 में स्वीकृत सभी कार्यों को वर्षान्त तक पूर्ण किए जाए। उन्होने सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होनें लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यों, सहित जिले के अंतर्गत अन्य विभागों के विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। दुर्ग मे आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों से स्वीकृत कार्यों के वर्तमान स्थिति के आधार पर अविलंब पूर्ण कराने कहा।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय देवांगन पिता छेदीलाल देवांगन निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार देवांगन पिता सुधाराम देवांगन निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुजफ्फर कुरैशी पिता मोहम्मद हारुन कुरैशी निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 94/2020-2021
वार्ड का नाम- संतराम दास- 25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संतराम दास वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 25/ (कृष्णा नगर) जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती चन्द्रिका प्रसाद पिता जीवराखन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती राजमणी यादव पति हेमन्त यादव ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 93/2020-2021
वार्ड का नाम- संतराम दास- 25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संतराम दास वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 25/ (कृष्णा नगर) जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती छेदीलाल पिता केजूराम के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नोमिन साहू पति तुलसीराम साहू ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-137 दिनांक 21.10.20
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भवन/भूमि 62/नया जो कि निगम अभिलेख में श्री 1. रामलाल 2. रामकृष्ण दोनों का पिता स्व. अर्जुन पटेल के नाम से दर्ज है जिसको श्री राजकुमार पटेल s/o स्व. रामलाल पटेल ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone4@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा शंकर नगर सरहद, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित फ्लैट क्रमांक एल.आई.जी.-91, ब्लाक नं.-06, द्वितीय तल श्री छन्नूलाल साहू पिता स्व. श्री कलीराम साहू के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा समस्त राशि जमा कर फ्लैट की लीजडीड दिनांक 25.09.2007 को पंजीकृत करने उपरांत फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री छन्नूलाल साहू पिता स्व. श्री कलीराम साहू, निवासी छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, रोजवुड-151 बोरियाकला, रायपुर के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती सोनम सिंह पति श्री अजीत कुमार सिंह पता-मकान नं. 195, महुअर कला, टांडा कला चदौली (उत्तरप्रदेश) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

शासकीय शराब दुकान में तय कीमत से अधिक शराब जाने पर करे शिकायत: भरत वर्मा

अर्जुनी। भाटापारा ब्लाक के अंग्रेजी व देशी शराब दुकानों में ओवर रेट पर संबंधित एजेंसी के द्वारा सेल्समैन के माध्यम से ?20रुपया ओवर रेट में बिकवाया जा रहा है इस बात को लेकर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री भरत वर्मा से ग्रामीणों वासियों के द्वारा जानकारी दिया गया कि शासकीय अंग्रेजी व मदिरा दुकानों में अधिक दर पर बेचा जा रहा है और कांग्रेस पार्टी को बदनाम किया जा रहा है इस बात को लेकर ग्रामीण अध्यक्ष द्वारा मोबाइल कर संबंधित एजेंसी के कर्मचारियों को फोन कर इस संबंध में जानकारी लिया गया और ग्रामीण वासियों एवं बूथ जोन सेक्टर अध्यक्षो का मीटिंग लेकर सभी को आश्वस्त किया गया अगर भविष्य में अधिक दर पर शराब बेचा जाता है तो तत्काल मेरे नंबर पर फोन कर इस संबंध में सूचित करें मोबाइल नंबर 8839456437 संपर्क कर सकते हैं और यदि कोई एजेंसी ओवर रेट पर मदिरा बेचने की शिकायत परसंबंधित एजेंसी के ऊपर शासन के द्वारा उचित कार्यवाही कि जाएगा।

गरियाबंद तहसीलदार पर बेवजह गिरी तबादले की गाज

गरियाबंद। दिवंगत शुभम पात्र मामले को लेकर देवभोग तहसीलदार बाबुलाल कुर्रे के मैनपुर तबादले को लेकर नाराज कर्मचारियो को मनाने प्रशासन ने उसे हटाकर मैनपुर से भू अभिलेख शाखा गरियाबंद में संलग्न कर दिया है। मैनपुर तहसीलदार का पद रिक्त होने के चलते गरियाबंद के तहसीलदार राकेश साहू का मैनपुर तबादला कर दिया गया। वही गरियाबंद तहसीलदार का प्रशासनिक प्रभार नायब तहसीलदार समीर शर्मा को दे दिया गया। प्रशासन द्वारा किए इस फेरबदल से लिपिक संघ को संतुष्ट हो गया है परंतु इसके चलते गरियाबंद तहसीलदार राकेश साहू को बेवजह बिना शिकायत के ही तबादला हो गया है। जो कि नगर सहित प्रशासनिक और राजनीतिक महकमें भी चर्चा का विषय बन गया है। स्वच्छ मिलनसार छबि के साथ ही कुशल प्रशासनिक शैली के अधिकारी के तबादले से नगरवासी सहित हर वर्ग ने अंसतोष जाहिर किया है। चूकि तहसीलदार राकेश साहू के पास छुरा का भी अतिरिक्त प्रभार था उनके तबादले के बाद अब छुरा में भी नायब तहसीलदार घनश्याम जंघेल को छूरा तहसीलदार का प्रशासनिक प्रभार दिया गया है। कलेक्टर ने दोनो तहसीलो में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को वित्तीय प्रभार दिया है।

दिव्यांग दम्पत्ति को 50 हजार रूपये का चेक प्रदाय

गरियाबंद। समाज कल्याण विभाग गरियाबंद में दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना अर्न्तगत मैनपुर ब्लाक के ग्राम भटगांव के दिव्यांग

अस्थिबाधित हितग्राही गैंदलाल यादव तथा उनकी धर्मपत्नि गीता यादव को 50 हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक नरेन्द्र देवांगन ने बताया कि दोनो का विवाह छःमाह पूर्व हुआ था। विभागीय योजना अर्न्तगत पात्रता अनुसार उन्हे 50 हजार रूपये की राशि समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई है। उन्होने बताया कि ऐसे दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत् या उससे अधिक हो उनके द्वारा विवाह किये जाने के पश्चात् योजना अर्न्तगत दोनो में से एक व्यक्ति दिव्यांग होने कि दशा में 50 हजार रूपये तथा दोनो दम्पत्ति जोड़े दिव्यांग होने कि दशा में एक लाख रूपये कि विवाह प्रोत्साहन राशि योजना अर्न्तगत प्रदाय किया जाता है। इस दौरान अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजुद थे। राशि मिलने के बाद हितग्राहियो ने शासन व समाज कल्याण विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मलबरी कोसा उत्पादन के लिए 32 हजार मलबरी पौधारोपण, रोजगार के साथ रेशम का उत्पादन

गरियाबंद। जिले में इस बार मलबरी के 32 हजार 670 पौधरोपण किया गया है। जो मलबरी कोया उत्पादन में सहयोगी है। रेशम विभाग के सहायक संचालक एस.के. कोल्हेकर ने बताया कि कलेक्टर छतर सिंह डेहरे एवं जिला पंचायत सीईओ विनय लंगेह के मार्गदर्शन में मनरेगा योजना के तहत रेशम केन्द्र लोहरसी एवं रेशम केन्द्र कौंदकेरा में मलबरी के 32 हजार 670 पौधे रोपित किए गए हैं। इससे वर्ष 2020-21 दौरान स्थानीय स्तर पर लोगों को अभी तक 680 मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध भी हुआ है। ज्ञात है कि मलबरी के पौधों की पत्तियां मलबरी रेशम कीट का मुख्य आहार हैं। रेशम कीट 25 से 30 दिन तक पत्ती खाकर कोसा बनाता हैं। वर्ष में इसकी 04-05 फसल ली जाती है, जिनका कटाई-छटाई और साफसफाई में स्थानीय कोसा विकास स्व-सहायता समूह के सदस्यों को वर्ष भर रोजगार मिल जाता है। केन्द्र प्रभारी एवं वरिष्ठ रेशम निरीक्षक श्री मनहरण चन्द्राकर एवं स्थानीय कोसा विकास स्व सहायता समूह के माध्यम से रेशम कार्य की गतिविधियों के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

98% अजजा वर्ग की आबादी वाला यह गांव सड़क का मोहताज

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। महासमुंद जिले के बागबाहरा तहसील अंतर्गत ग्राम बेलर मे 98 फीसदी अनुसूचित जनजाति वर्ग की आबादी वाला ग्राम बेलर आज भी सड़क का मोहताज है। यह गांव जिला मुख्यालय से महज 20 किमी की दूरी पर है। ग्राम पंचायत अरण्ड के आश्रित इस गांव की जनसंख्या करीब 3 सौ है। यहां अधिकांश ध्रुव, गोंड़, कमार जाति के लोग निवासरत हैं, पर इन आदिवसियों की समस्या जानने वाला कोई नहीं है। चुनाव जीतने के बाद कोई भी जनप्रतिनिधि यहां नहीं पहुंचे. यह गांव तीन तरफ से पहाड़ों एवं भूस्वामी भूमि से घिरा हुआ है। गांव के लोग पगडंड़ियों के रास्ते बारहों माह आना-जाना करते हैं. ग्रामीण बरसात में नारकीय जिंदगी जीने विवश होते हैं। ग्रामीणों को पांच किलोमीटर दूर पंचायत मुख्यालय राशन के लिए जाना पड़ता है. बेलरवासी विकास से कोसों दूर हैं।

यहां विकास के नाम से एक आंगनबाड़ी, प्राथमिक स्कूल ही है। वर्तमान में एक रंगमंच का निर्माण

कराया जा रहा है. ग्रामीणों के सार्वजनिक काम के लिए एक भी सामुदायिक भवन नहीं है। यहां की समस्या जानने न कोई अधिकारी आते और न ही कोई जनप्रतिनिधि. यह गांव अरण्ड पंचायत से पांच किमी दूरी पर बसा हुआ है. वहीं इस गांव से महज डेढ़ किमी की दूरी पर मोंहदी पंचायत पक्की सड़क मार्ग पर है। यदि इस गांव को मोंहदी पंचायत से जोड़ दिया जाता तो कम से कम ग्रामीणों का भला होता. यह गांव आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस संबंध में जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने पूछे जाने पर कहा कि यह किसी भी गांव क्षेत्र के लिए शर्मनाक बात है। आज हम आजादी के 75 वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं. इस दौरान अनेक जन प्रतिनिधियों ने खल्लारी का नेतृत्व किया है पर कोई भी ग्राम बेलर की इस गंभीर समस्या का निराकरण नहीं कर पाए।

उन्होने जनपद पंचायत को एक रुपए का भी विकास कार्य कराने का अधिकार नहीं है और न ही विकास कार्य स्वीकृति करने के लिए सरकार राशि दे रही है तो कहां से विकास कार्य होगा. यदि वास्तव में ईमानदारी के साथ गांव का विकास करना चाहते हैं तो हमारी सरकार को चाहिए कि वे त्रिस्तरीय पंचायत का एक अंग जनपद पंचायत है उसे भी सरकार धन राशि उपलब्ध कराए ताकि क्षेत्र के गांव का विकास करा सकें. उन्होंने कहा कि बेलर गांव तक सड़क बनाने प्रस्ताव में शामिल करवाउंगी और जिला प्रशासन यदि बेलर गांव तक सड़क मार्ग बनाने 25 दिसंबर तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता है तो 26 दिसंबर से ग्रामीणों के साथ में आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होउंगी।

बसना नगर के गौरवपथ से 'गौरव' गायब

- गड्ढे बन रहे जानलेवा गड्ढों और धूल से बढ़ी लोगों की परेशानी

महासमुंद। बसना नगर के गौरव पथ से गौरव गायब हो गया है। कभी नगर की शान बढ़ा रहा गौरवपथ इनदिनों खस्ताहाल सड़क में तब्दील हो गया है। बसना नगर के गौरव-पथ पर पैदल व दोपहिया से चलना मुश्किल हो गया है। गौरवपथ में कई स्थानों पर जानलेवा बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं।

बसना नगर के गौरव पथ के गड्ढे भी जनप्रतिनिधियों को दिखाई नही दे रहे। बसना नगर के गौरव-पथ पर दोपहिया से चलना मुश्किल हो गया है। गौरवपथ में कई स्थानों पर जानलेवा बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। नागरिक इसी खस्ताहाल सड़क पर चलने मजबूर हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की सम्भावना बनी हुई रहती है।

बीमारियों को दे रहे न्योता

गौरव पथ में गड्ढे तो भर दिया जाता है लेकिन परिणाम यह होता है कि वाहनों के चलने से धूल के गुबार उड़ रहे और लोगों के फेफड़ो मे जाकर जम रहे है। जिससे फेफड़ों सम्बंधित बीमारी होने सम्भव है। स्थानीय प्रशासन के उदासीनता से आमजनता में जमकर आक्रोश व्याप्त है।

गौरव-पथ में बनी सड़क की दशा इन दिनों काफी ज्यादा खराब हो चुकी है। जर्जर सड़कों के कारण नगरवासियों एवं ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। रोजाना बड़े-बड़े गड्ढे की वजह से बाइक सवार गिरने लगे हैं। क्षेत्रवासियों में इस बात की नाराजगी है कि खराब सड़क की मरम्मत करने के नाम पर खानापूर्ति में लगी हुई है।

गौरवपथ की लंबाई लगभग एक किलोमीटर है। इस एक किलोमीटर में ही इतने गड्ढे हैं कि कभी भी दुर्घटना संभावना बनी रहती है। रोजाना बसना में हजारों लोगों का आवगमन रहता है, जिसके बाद भी बसना नगर के गौरवपथ की दशा और दिशा की सुधार करने प्रशासन आगे नहीं आ रहे हैं। हर साल सड़क की मरम्मत के लिए राशि निकाली जाती है, लेकिन एक बारिश में वह फिर से उखड़ने गई है।

> इंजीनियर से चर्चा करके बता दिया गया है.और मरम्मत संधारण हेतु राशि की मांग की गई है बहुत जल्द अतिशीघ्र गड्ढों को भरवाने का कार्य किया जाएगा।
>
> **गजेंद्र साहू,** अध्यक्ष नगर पंचायत बसना

जिला प्रशासन ने उचित कार्रवाई का दिलाया भरोसा लिपिक वर्गीय अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित

गरियाबंद। जिले के देवभोग तहसील में पदस्थ लिपिक शुभम पात्र के आत्महत्या के प्रकरण में जिला प्रशासन ने आंदोलनरत लिपिक वर्गीय संघ को आश्वस्त किया है कि आत्महत्या प्रकरण में निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक कार्यवाही की जा रही है। अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर द्वारा नामित जांच अधिकारी के रूप में वे स्वयं जांच कर रहें है। जांच में सभी तथ्यों की जानकारी जुटाई जा रही है। वही आंदोलनरत लिपिक संघ द्वारा पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल से भी चर्चा के पश्चात आश्वस्त किया गया है कि विवेचना अधिकारी नियुक्त कर वे स्वयं मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इस संबंध में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत अकाल एवं आकस्मिक मृत्यु की सूचना संबंधी प्रकरण पहले ही दर्ज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच सभी पहलुओं और

निष्पक्ष रुप से जारी है।

पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर से चर्चा के पश्चात लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पन्ना लाल देववंशी ,सचिव बसंत मिश्रा, राकेश शर्मा द्वारा आज कलेक्टर छतर सिंह डेहरे को हड़ताल स्थगित करने संबंधी ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में इस बात पर संतुष्टि व्यक्त की गई है कि उनके मांग पर नायब तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे को मैनपुर से हटाकर जिला कार्यालय गरियाबंद में भू अभिलेख शाखा में सलंग्न किया गया है। लिपिक संघ ने कहा कि जिला प्रशासन के साथ सार्थक चर्चा से जारी विवेचना और जांच के संबंध में भी न्याय पाने की आशा जागृत हुई है।

कलेक्टर ने नायब तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे को जिला कार्यालय गरियाबंद भू अभिलेख शाखा में सलंग्न किया है। इस संबंध में आज कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए बाबूलाल कुर्रे नायब तहसीलदार को भू अभिलेख शाखा गरियाबंद में संलग्न किया गया है। वही गरियाबंद के तहसीलदार राकेश साहू अब मैनपुर तहसीलदार होंगे। गरियाबंद के नायब तहसीलदार समीर शर्मा को गरियाबंद तहसील का प्रशासनिक प्रभार दिया गया है। घनश्याम जंघेल नायब तहसीलदार को छूरा तहसीलदार का प्रशासनिक प्रभार दिया गया है। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी वित्तीय प्रभार में रहेंगे।

जुआ खेलते तीन सपड़ाए

महासमुंद। ग्राम बांसकाटा तालाब किनारे जुआ खेल रहे तीन लोगों से 3260 रूपए जब्त कर जुआ एक्ट 13 के तहत कार्रवाई की गई। तेंदूकोना पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बांसकांटा तालाब किनारे जुआ खेल रहे प्रेमनारायण ठाकुर, गौरीशंकर ठाकुर और भागवत सिंह ठाकुर को पकड़ा गया। आरोपियों से 52 पत्ती ताश व नगदी रकम 3260 रूपए जब्त की गई।

मां-बेटे को जान की धमकी

महासमुंद। पुरानी रंजिश की बात को लेकर तीन लोगों ने मिलकर मां बेटे की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अछोला निवासी पीजिया बाई (40) ने गांव के बोधकुमार, सुरेन्द्र सोनबेर और कृष्ण सोनबेर की डंडे से पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

फर्जी डीजल बिल मामले में सीएमओ नहीं कर रहा कार्यवाही

- दो साल पहले खाद्धय मामले मे कर्मचारी का हुआ था शीघ्र निलंबन

गंडई पन्डरिया। नगर पंचायत गंडई मे फर्जी डीजल बिल का मामला आज पर्यंत नहीं सुलझ पाया है इस कारण कार्यालय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगने लगा है। इससे साफ जाहिर होता है अधिकारी अपने अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे है अन्यथा दोषी कर्मचारियो को संरक्षण दे रहे है इसके चलते दोषियो के खिलाफ कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जबकि दो साल पहले ऐसे हि एक चतुर्थ कर्मचारी द्वारा खाद्धय घोटाले के मामले मे तत्कालीन सीएमओ ने शीघ्र ही कर्मचारी को निलंबित कर दिये थे लेकिन फर्जी डीजल बिल मामले मे कोई कार्यवाही नहीं होने से कांग्रेसी पार्षदो मे आक्रोश छाया हुआ है।

उल्लेखनीय है कि फर्जी डीजल बिल मामले को लेकर लगातार समाचार पत्र मे खबर प्रकाशित हो रही है बावजूद इसके नगर पंचायत के अधिकारी द्वारा कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं कि जा रही है।

> अधिकारी को अपने अधिकार का नियमानुसार प्रयोग करना चाहिए इस संबंध में सी एम ओ से पूछता हूँ।
>
> **टी के वर्मा,** कलेक्टर

पंचमी पर की गई मां दुर्गा की विशेष पूजा

खरोरा। शारदीय नवरात्र के पंचमी पर आज नगर के देवी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इस पूजा अर्चना में सीमित संख्या में भक्त शामिल शामिल हुए। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पूजा की गई है। इसके अलावा नगर में देवी पंडालों पर विशेष पूजा अर्चना की गई। राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर देवी की स्तुति के कार्यक्रम चल रहे हैं घर घर पर भक्त गण देवी की स्तुति कर पंचमी पर्व मनाया रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कोरोना संकट के चलते व प्रतिबंध के कारण भक्तों को अनुमति नहीं मिल पाई है।

कनकी में शहीद दिवस मनाया गया

खरोरा। ग्राम कनकी मे विगत दिनो शहीद दिवस मनाया गया। खड़ानंद वर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती शिशु मंदीर के तत्वावधान मे ग्राम कनकी के वीर शहीद युगलकिशोर वर्मा के प्रतिमा मे पुष्प अर्पित कर पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे रायपुर जिला पंचायत सदस्य सोना वर्मा,जनपद सदस्य अरुण भारद्वाज प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदीर,अशवनी पाठक ,गजानंद वर्मा,संतोष वर्मा(लालू),डॉ गोविंद वर्मा,मुकुल वर्मा,राजू धीवर(आचार्य),दादू वर्मा,तुशेष वर्मा,वासु,नोमन,सन्नी(मंडी अध्यक्ष),शुभम् वर्मा,प्रतिमा वर्मा,गैंदराम वर्मा आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

स्मृति दिवस पर खरोरा में शहीद स्मारक पर जनप्रतिनिधियों ने चढ़ाएं श्रद्धासुमन

खरोरा। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों ने देश के लिए अपने प्राण त्यागने वाले नगर के सुपुत्र खिलानंद साहू की स्मृति पर फूल माला चढ़ाकर व पूजा कर दी श्रद्धांजलि इसके साथ ही उनके भाई मुकेश साहू व परिवार के सदशयो को साल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर मुंख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, नगर के बुजुर्ग सुरेश साहू , प्रेम लाल गिलहरे, पार्षद सुरेंद्र गिलहरे, तोरण ठाकुर, पंचराम यादव, पुरनेन्द्र पाध्याय, युवा भाजपा नेता आयुष वर्मा, यशवंत वर्मा, मौजूद रहे। वही नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल ने कहा कि वीरगति को प्राप्त खिलानंद साहू का योगदान अमूल्य है व जल्द वो किसी न किसी शुभ कार्य का शुभारंभ उनके नाम से करेंगे।

किसान विरोधी बिल को लेकर हुई बैठक

गंडई पंडरिया। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा नए कृषि कानून लागू किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है इसका छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने खुलकर विरोध किया और राज्य मे इसे लागू नहीं करने का प्रयास भी कर रहे है। इसी तारतम्य मे 21 अक्टूबर की शाम स्थानीय रेस्ट हाउस मे कांग्रेसियो ने ब्लाक अध्यक्ष साकेत दुबे के नेतृत्व मे बैठक आयोजित कर केंद्र सरकार के नए काले कृषि कानून विरोध मे चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार समस्त ब्लाको से हस्ताक्षर अभियान चलाकर राष्ट्रपति को अग्रेषित किए जाने का निर्देश है उसी के परिपेक्ष मे गंडई ब्लाक के अंतर्गत चार बूथ बनाए गए है जिसमे (लिमों , ढाबा, ठंढार और धोधा) के संगठन प्रभारियो के द्वारा डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान के लिए संगठन के पदाधिकारियों को जवाबदारी सौपी गई है। छत्तीसगढ़ के 314 संगठन द्वारा अपने ब्लाक मे यह अभियान चलाया जाएगा। बैठक मे मुख्य रूप से लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, महेश दास रात्रे, साकेत दुबे, सतीश सिंघानिया, बाँके वर्मा, हबीब खान, दिलीप ओगरे, सूरज नामदेव, नारायण चतुर्वेदी, चेतन देवांगन, रंजीत चंदेल, मोसिन खान, कमलेश यादव, शुभम बघेल, जस्सी महिलागे अमित टंडन संहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लीला बाई देवांगन पति मनोज कुमार देवांगन निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202008100400550

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक घनश्याम सिंह आ. यू.आर. साहू निवासी 292/डी रिसाली भिलाई नगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 351/23 रकबा 0.020 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202008100400551

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक टेकचंद साहू आ. उमऊराम साहू निवासी 1/सी सेक्टर 08 भिलाई नगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 349/19 रकबा 0.020 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राकेश्वरी देवांगन पति राजकुमार देवांगन निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राजकुमारी देवांगन पति एस.के देवांगन निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरस्वती देवांगन पति रामकिशोर देवांगन निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हासिन देवांगन पति प्रमोद कुमार देवांगन निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. जावेद खटिक पिता मो. युसुफ खटिक निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2028, 2029 संयुक्त का टु. रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रीनाराजा भोज पति शैलेन्द्र राजा भोज अन्य 1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

बस्तर दशहरा : बेलपूजा की रस्म आज
राजपरिवार पहुंचेगा ग्राम सरगीपाल

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। गुरुवार को शहर से लगे ग्राम सरगीपाल में बेल पूजा होगी। जहां राजपरिवार और अन्य श्रद्धालु बेल पेड़ पर पूजा-अनुष्ठान के बाद युग्म बेल फल लेकर दंतेश्वरी मंदिर आएंगे। जहाँ ग्रामीण गाजे-बाजे के साथ पूजा के बाद विवाह की भांति एक-दूसरे को तेल-हल्दी लगाकर एक दूसरे का स्वागत व विदाई करेंगे।

बस्तर दशहरा में फूल रथ की आज पांचवी परिक्रमा पूर्ण होने के देर रात दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी व मांझी-मुखिया सरगीपाल जाकर बरसों पुरानी बेल फल के वृक्ष के तले देवी का आव्हान करते युग्म (जोड़ा) बेल फल को कपड़े पर बांधकर लौट आएंगे। वही आज दोपहर राजपरिवार के सदस्य, राजगुरु और पुजारी,मांझी,चालकियों के सहित गाजे-बाजे के साथ दोबारा वहां पहुंचेंगे। जहां पूजा-अनुष्ठान के बाद दो बकरों की बलि दी जाएगी और युग्म फल को तोड़ दंतेश्वरी मंदिर लाकर प्रतिष्ठापित किया जाएगा। विदित हो कि ये परंपरानुसार बरसों से दशहरा के दौरान अश्विन शुक्ल पक्ष के सप्तमी को बेल पूजा की जाती है। इस रस्म को ग्रामीण पुत्री विवाह की तरह मानते हैं। पूजा के बाद वे एक-दूसरे पर हल्दी-पानी का छिंटा मारते हैं। ग्रामीण मान्यताओं के अनुसार बेल पेड़ व फल को ग्रामीण माता दुर्गा का दूसरा रूप मानते है। इसलिए बरसों से दशहरा के मौके पर फूल रथ के पांचवी परिक्रमा पूर्ण होने के बाद पर्व में शामिल होने दुर्गारूपी बेल देवी को न्यौता देने जाते हैं और दूसरे दिन पूजा-अनुष्ठान के बाद फल को दंतेश्वरी मंदिर लेकर आते हैं।

दो कोरोना संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव
एक ने बेटी तो दूसरी ने बेटे को दिया जन्म

मेडिकल टीम ने कोरोना संक्रमित महिलाओं का कराया सुरक्षित प्रसव

कलेक्टर श्रीमती कौशल ने मेडिकल स्टाफकी तारीफ की, प्रसूताओं को दी बधाई

कोरबा। कोरबा के विशेष कोविड अस्पताल मे 12 घंटो के अंतराल पर दो गर्भवती कोरोना संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव मेडिकल टीम ने कराया है। कोरोना की मरीज़ एक युवती ने विशेष कोविड अस्पताल की मेडिकल टीम के प्रयासों से स्वस्थ बालक को जन्म दिया तो दूसरी के घर स्वस्थ सुंदर बेटी आई है। जन्म लेते ही बच्चों की किलकारियो से पुरा कोविड अस्पताल गुंजायमान हो गया और उसमें इलाज करा रहे सभी कोरोना मरीज़ों के जीवन में आशा और जीवन के प्रति सकारात्मकता का भाव भर गया।

कोविड अस्पताल में डॉक्टर प्रिन्स जैन के नेतृत्व में अस्पताल की मेडिकल टीम ने रवि शंकर शुक्ल निवासी कोरोना संक्रमित महिला का स्वस्थ प्रसव कराया। कोरोना से संक्रमित महिला को कल सुबह ही प्रसव पीड़ा के साथ अस्पताल में भर्ती किया था।महिला की कोरोना जाँच रिपोर्ट पाजीटिव आने के बाद से वह होम आईसोलेशन में रहकर अपना इलाज करा रही थी। परंतु कल सुबह प्रसव पीड़ा होने पर सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अमले ने उसे सुरक्षित प्रसव के लिए कोविड अस्पताल में भर्ती किया था। महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया।इसी तरह कल शाम को ही एक अन्य कोरोना पीड़ित पौड़ी बहार रहवासी गर्भवती को कोविड अस्पताल में लाया गया था। महिला भी पहले से ही होम आईसोलेसन में रहकर कोरोना का इलाज करा रही थी।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने दोनों शिशुवती माताओं को बधाई दी और कोविड अस्पताल के पूरे मेडिकल स्टाफ की तारीफ कर हौसला बढ़ाया है। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिला के कोविड-19 संक्रमित होने के कारण सुरक्षित प्रसव कराना चुनौतीपूर्ण है, जिसे डाक्टरों की टीम ने अच्छे ढंग से निभा रही है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में बनाए गये कोविड अस्पताल में ईलाज कराने वाले मरीज लगातार ठीक हो रहे हैं। कोविड अस्पताल में कुशल डाक्टरों और नर्सो की मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. बी.बी.बोर्डे ने बताया कि दोनों महिलाओं का ईलाज होम आइसोलेशन में रखकर किया जा रहा था। प्रसव पीड़ा शुरू होने पर को कल सुबह और दूसरी शाम को ही ईएसआईसी कोरबा में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉक्टर प्रिन्स जैन की देखरेख में डॉक्टर उषा धीरे, सुष्मिता परिदा, निर्मला कंवर और झूलकुंवर जगत की टीम ने दोनों का सफलतापूर्वक प्रसव कराया जिसके बाद दोनों जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य हैं। नर्सो द्वारा जच्चा-बच्चा की लगातार देखभाल की जा रही है।

3.20 लाख के गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, वाहन जब्त

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। अवैधा गांजा तस्करी के विरूध्द बुधवार को छुरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 3.20 लाख रूपए के 32 किलो गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव ने बताया कि छुरा पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली थी कि ब्राउन स्कार्पियों क्रमांक सीजी 04 सीजेड 2700 में अवैध मादक पदार्थ गांजा उड़ीसा से रायपुर की ओर ले जाया जा रहा है। सुचना के आधार पर छुरा थाना प्रभारी राजेश जगत के नेतृत्व में छुरा पुलिस की टीम कार्यवाही हेतु भेजी गई। इस दौरान पुलिस ने ग्राम कोसमबुड़ा चैक के पास घेराबंदी की। मुखबिर के बताये अनुसार जैसे ही स्कार्पियों आते दिखाई दी पुलिस ने वाहन को रोक कर उसकी तलाशी ली। तलाशी में स्कार्पियों के पीछे सीट के नीचे लोहे का बाक्स एवं मध्य सीट में लोहे का चेम्बर बना हुआ था जिसमें 32 पैकेट गांजा मादक पदार्थ रखा मिला। जिसे पुलिस ने तत्काल जप्त कर लिया और थाना ले आई। एसडीओपी संजय ध्रुव ने बताया कि पुछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम लवदीप देओल पिता भुपेन्द्र देओल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई जिला दुर्ग बताया है। आरोपी के विरूध्द नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर न्यायिक रिमांड में उपजेल गरियाबंद भेज दिया गया है। पकड़ा गया कुल गांजा 32 किलो 460 ग्राम गांजा जिसकी कीमत करीबन 324360 रूपये का है। जप्त वाहन की कीमत 4 लाख रूपए बताई जा रही है।

गजराज की चिंघाड से जंगल से लेकर गांव तक थर्राए...

ग्रामीणों को फसल की चिंता सताने लगी

नव प्रदेश संवाददाता

डौंडी। एक सप्ताह से डौंडी के जंगलों में विचरण करने वाला चंदा हाथी का दल अब भानुप्रतापुर पुर के साल्हे गांव से कल लौट आया है और फिर से डौंडी रेन्ज के लिए मुसीबत साबित हो रहा चंदा हाथी का दल कल रात में खुर्सिटिकुर गांव के जंगल में रह कर रात भर उत्पात मचाया कई ग्रामीण की फसलों को तहस नहस कर दिया और कई ग्रामीणों के बोर पम्प उखाड़ फेंकने के बाद आज दोपहर को दुरुग सिंह मरकाम लिमउडीह (केकती पारा)के घर मे पहुचा जो जंगल से लगे घर के केला के पेड को खाया और काफी उत्पात मचाया है लिमऊडीही गांव खुर्सिटिकुर गांव से लगा हुवा है। अब हाथी का दल जंगल से ग्रामीणों के घरों तक पहुचने लगा है जिससे ग्रामीण चिंतित है कि उनकी फसल के साथ साथ कहि उनके घरों को नुकसान न पहुँचा दे, वही दल के साथ घूम रही वन मण्डला अधिकारी सतोविता समाजदार की गाड़ी को भी दंतैल ने दौड़ाया,बाद में वन मंडला अधिकारी मोटरसाइकिल से जंगलो के चारो तरफ दौरा किया और लोगों को हाथियों से दूर रहने की अपील की।

लिमऊडीही सरपंच सुकदेव पिस्दा ने बताया कि हाथियों के दल से हम दहसत में जी रहे है हमे सुरक्षा की जरूरत है ,साल भर में हम सिर्फ एक फसल बोते है उसमें भी हाथी लोग नष्ट करने का डर बना हुवा है कई ग्रामीणों की फसल नुकसान हो गई है ,जल्द से जल्द विभगा मुवावजा दे दे तो ठीक रहेगा क्योंकि कोरोना के चलते काम भी नई हो रहे है जिससे जीने के लिए एक मात्र फसल ही सहारा बची है।

श्रद्धा, भक्ति व समर्पण की पावन त्रिवेणी खल्लारी के गर्भ में छिपे हैं कई राज

सोहेल अकरम,

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के प्रायः सभी क्षेत्र ऐतिहासिक और पौराणिक संपदा की दृष्टि से अत्यंत संपन्न हैं और श्रद्धा, भक्ति व समर्पण की पावन त्रिवेणी के अजस्र प्रवाह में समूचा लोकमानस अवगाहन करता है. राज्य के महासमुंद जिले के ही बागबाहरा तहसील मुख्यालय से करीब 14 किलोमीटर दूर स्थित भीमखोज से लगे खल्लारी ग्राम की पहाड़ी पर मां खल्लारी का मंदिर ऐसा ही एक महत्वपूर्ण केंद्र है. दर्शनार्थी भक्तों की सुविधा की दृष्टि से पहाड़ी के नीचे भी एक मंदिर में मां खल्लारी की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है. यहां आसपास का स्थान प्राकृतिक रूप से जंगल व पहाड़ियों से घिरा हुआ है. यहां के प्राकृतिक वातावरण और पौराणिक महत्व ने इसे पर्यटन की दृष्टि से भी उभारा है।

इस मंदिर और पहाड़ी के साथ कई कथाएं, किंवदंतियां और घटनाएं जुड़ी हैं जिनके बारे में लोग कम ही जानते हैं. खल्लारी दो शब्दों से मिलकर बना नाम है- खल और अरि, जिसका तात्पर्य है- दुष्टों का नाश करने वाली! जानकार लोगों और उपलब्ध शिलालेखों से ज्ञात होता है कि यह मंदिर सन 1415-16 का है. यह भी कहा जाता है कि यह स्थान तत्कालीन हैहयवंशी राजा हरि ब्रह्मदेव की राजधानी थी। इससे पहले यहां आदिवासियों का प्रभुत्व होने की बात जानकार लोग बताते हैं. जब राजा हरि ब्रह्मदेव ने खल्लारी को अपनी राजधानी बनाया तो उन्होंने इसकी रक्षा के लिए यहां मां खल्लारी की मूर्ति की स्थापना की. यहां मिले एक शिलालेख के नौवें श्लोक में मोची देवमाल की वंशावलि और 10वें श्लोक में उसके द्वारा मंदिर बनवाए जाने का उल्लेख भी मिलता है. यहां चैत्र मास की पूर्णिमा पर पांच दिनों का मेला भरता है जिसमें इस क्षेत्र के अलावा विदर्भ और प ओड़िशा तक से लोग शिरकत करने पहुंचते हैं. छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद और पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय द्वारा इस स्थान को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के बाद इस मेले का स्वरूप काफी व्यापक हुआ है. यहां के जानकार लोगों का दावा है कि दूर-दूर से मां खल्लारी के दर्शन के लिए यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु भक्तों में से किसी को भी माता के पाषाण रूप में परिवर्तित होने के बाद उनके श्रृंगारिक रूप में दर्शन नहीं हुए. अलबत्ते, माता के दर्शन अन्य रूपों, यथा वृद्धा अथवा श्वेतवस्त्रधारिणी, में यहां के भक्तों को होते रहने की बात कही जाती है.

बेमचा से आईं हैं माता

किंवदंती के अनुसार, महासमुंद के पास के ग्राम बेमचा से माता का आगमन होना माना जाता है. उस समय खल्लारी ग्राम का बाजार पूरे अंचल में काफी प्रसिद्ध था. जनश्रुति यह है कि उन दिनों मां खल्लारी एक नवयुवती का रूप धारण कर यहां बाजार आया करती थीं. एक समय एक बंजारा गोंड़ युवक देवी के रूप-रंग को देखकर मुग्ध हो उनका पीछा करने लगा. देवी की चेतावनी के बाद भी उसने उनका पीछा करना नहीं छोड़ा. अंततः पर्वत (पहाड़) तक पीछे-पीछे आने पर देवी ने उस युवक को श्राप दे दिया. वह युवक वहीं से कुछ नीचे गिरकर पत्थर के रूप में बदल गया. इस पत्थर को गोंड़ नायक पत्थर के नाम से जाना जाता है. इधर, मानव की बढ़ती पाशविक प्रवृत्ति से क्षुब्ध देवी ने इसी पहाड़ी के ऊपर पाषाण रूप धारण कर यहीं निवास करना शुरू कर दिया. कहा-सुना तो यह भी जाता है कि पहले देवी का रूप पहाड़ी पर स्थित मंदिर के पास के शिलाखंडों से साफ नजर आता था, जो बाद में धीरे-धीरे दिखना बंद हो गया. देवी खल्लारी और आसपास के गांवों में आने वाली विपत्ति से आगाह करने पुजारी को आवाज देकर संदेश देती थीं. यहां भी श्रद्धालु यह मानते हैं कि तब एक प्रकाश-पुंज मंदिर से निकलता था! भक्तजन यहां पहाड़ी पर जाकर माता के दर्शन करते हैं. मंदिर तक पहुंचने के लिए तब 481 सीढ़ियां चढ़नी होती थीं जिसे 13 खंडों में विभक्त कर भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। अब नागरिकों को सहयोग से यहां 710 नई सीढ़ियां बनाकर दोनों तरफ रेलिंग दी गई हैं. पहाड़ी के नीचे स्थित मंदिर को नीचे वाली माता या राउर माता का मंदिर कहते हैं. इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां के पूर्व मालगुजार को देवी ने स्वप्न में आदेश दिया था कि उनकी (देवी की) फेंकी गई कटार नीचे जहां गिरी है, वहीं पर मूर्ति स्थापित कर पूजा शुरू की जाए. चूंकि वृद्ध और शारीरिक रूप से कमजोर भक्त पहाड़ी पर चढ़ नहीं पाएंगे, अतः उन्हें इस मंदिर का दर्शन करने पर भी उतना ही पुण्य मिलेगा जितना पहाड़ी पर दर्शन करने पर. कहते हैं, माता की फेंकी कटार आज भी इस मंदिर में है.

पूजा पद्धति

माता पूजा के ठीक पहले पहाड़ी पर स्थित सिद्धबाबा (भगवान शंकर) की पूजा क्षेत्र के आदिवासी बैगा करते हैं. आदिवासी शासकों के प्रभुत्व के कारण यहां शुरू से ही सिदार जाति के पुजारी मुख्य तौर पर पूजा आदि कराते आ रहे हैं. यहां पर कुछ समय पूर्व तक जारी बलि-प्रथा अब नागरिकों और समाजसेवी संस्थाओं के साथ ही शासन-प्रशासन की पहल पर बंद हो गई है.

महाभारत काल से जुड़ाव

ऊपर पहाड़ी पर प्रकृति से जुड़ाव का आनंद तो मिलता ही है, साथ ही यहां अनेक ऐसे स्थल भी हैं जिन्हें महाभारत काल से जोड़कर देखा, कहा-सुना जाता है. ऐसा माना जाता है कि पांडवों ने वनवास की कुछ अवधि यहां बिताई थी. मां के दर्शन के बाद परिक्रमा करते समय पहले भीम चौरा नाम का विशाल पत्थर दिखता है. यहीं विशालकाय पत्थरों के बीच एक कंदरा है जहां झुकी दशा में मुश्किल से अंदर जाने के बाद दो पत्थरों के बीच लगभग आठ-नौ इंच के अंतर को पार करने वाला व्यक्ति खुद को सौभाग्यशाली मानता है. परिक्रमा के दौरान ही पैरों की आकृति के बड़े निशान दिखते हैं जिन्हें भीम पांव कहा जाता है. इसमें बारहों महीने पानी भरा रहता है. इसी पहाड़ी पर चूल्हे की एक आकृति है. यह है तो गड्ढानुमा, पर हर समय यह सूखा रहता है. कहते हैं, भीम इस चूल्हे पर भोजन पकाया करते थे.

लाक्षागृह

इधर, उत्तर दिशा की तरफएक मूर्तिविहीन मंदिर दिखाई पड़ता है. इसे लखेश्वरी गुड़ी या लाखा महल कहा जाता है. किंवदंती है कि महाभारत काल में दुर्योधन ने पांडवों को षड्यंत्रपूर्वक समाप्त करने के लिए जो लाक्षागृह बनवाया था, वह यही लखेश्वरी गुड़ी या लाखा महल है. ऐसा मानने की एक वजह यह भी है कि इस लखेश्वरी गुड़ी के अंदर से लगभग दो किलोमीटर लंबी एक सुरंग है जो गांव के बाहर जाकर खुलती है. इस इमारत के पास से गुजरने पर लाख की गंध महसूस की जाती थी, ऐसा लोग कहते हैं.

कुछ और भी है खास

भीम पांव से दक्षिण-पश्चिम में कुछ दूर पहाड़ी से उतरने पर गज-आकृति की दो विशालकाय शिलाएं नजर आती हैं. इन्हें नायक राजा का हाथी बताया जाता है. खल्लारी में प्रवेश करते समय विद्युत मंडल कार्यालय और स्कूल के पास से देखने पर यह हाथी-हथिनी का जोड़ा नजर आता है. भीम चूल्हा के पास कुछ ऊपर की ओर सिद्धबाबा की गुफा है जहां उनकी मूर्ति स्थापित है. देवी के पूजा-विधान की शुरुआत यहां की पूजा के बाद ही होती है. भीम चूल्हा के पास ही जल की एक धारा सतत प्रवाहित होती है जो पहाड़ी के अंदर-ही-अंदर से बहकर पहाड़ी की पूर्व दिशा के मध्यभाग में नजर आती है। पश्चिम दिशा में नाव की आकृति का एक विशालकाय पत्थर है जिसका एक हिस्सा मैदान की तरफतो दूसरा हिस्सा सैकड़ों फीट गहरी खाई की तरफझुका हुआ है. एक छोटे-से पत्थर पर टिका नाव आकृति का यह पत्थर अपने संतुलन के कारण दृष्टव्य है. इसे भीम नाव भी कहते हैं. यहीं गस्ति वृक्ष के पास पत्थर मारने से पहाड़ी के आधा फुट व्यास क्षेत्र में अलग-अलग आवाज निकलती है। पत्थर मारने से निकलती हुई अलग-अलग तरह की आवाज मां खल्लारी मंदिर में दर्शन करने आए दर्शनार्थियों के मनोरंजन का विषय होती है।

घुटकुनवापारा के तालाब में डुबने से मासूम की मौत

गरियाबंद। जिला मुख्यालय से 6 किमी दूर ग्राम घुटकुनवापारा में बुधवार दोपहर तालाब में डुबने से एक पांच वर्षीय बच्चे वेद राम पिता देवरत ध्रुव की मौत हो गई। घटना करीब एक बजे की है। साथ खेल रहे दूसरे बच्चे ने इसकी सुचना परिजनो और ग्रामीणो की दी। जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुची। थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि घुटकुनवापारा निवासी पांच वर्षीय वेदराम की मौत गांव के शिव तालाब में डुबने से हुई है। वेदराम अपने दोस्त के साथ खेलते हुए तालाब के पास पहुचा था। अचानक वह पानी में गिर गया, कम उम्र और तैरना नही जानने के कारण डुब गया। मृतक के शव को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। जानकारी के मुताबिक वेदराम का घर तालाब से एक किमी दूर है। इससे पहले कभी वह तालाब में नहाने या इसके आसपास खेलने नही गया। आज गांव के ही एक दूसरे बच्चे के साथ यहां पहुचा था। घटना के वक्त कोई भी वयस्क ग्रामीण या अन्य बच्चे मौके पर मौजुद नही था। साथ आए दूसरे बच्चे ने ही ग्रामीणो को वेदराम के डुबने की सुचना दी। इधर घटना के बाद परिजनो का रो रो के बुराहाल है। मासुम बच्चे की मौत से पूरे गांव में भी मातक छा गया है। परिजनो ने बताया कि वेदराम दो भाईयो में छोटा भाई था। अभी आंगनबाडी जाता है। तालाब कैसे पहुचा यह उन्हे समझ नही आ रहा है।